Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 280 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार



जब हमारे जीवन में अहिंसा आ जायेगा, तो हमारा जीवन लहलहा जायेगा।
When nonviolence rises in our life from within then then outword life will flaurish.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### अश्लील कंटेंट को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त, केंद्र और ओटीटी प्लेटफार्म्स को नोटिस जारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सोशल मीडिया और ओवर-द-टॉप प्लेटफॉर्म्स पर परोसे जा रहे अश्लील कंटेंट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। इस संबंध में दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के साथ-साथ नेटफ्लिक्स, उल्लू डिजिटल लिमिटेड, ऑल्ट बालाजी, ट्विटर, मेटा प्लेटफॉर्म्स और गूगल सहित कई सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। पूर्व सूचना आयुक्त उदय माहुरकर और कुछ अन्य लोगों द्वारा दायर याचिका में सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर अश्लीलता पर प्रभावी रोक लगाने और इस तरह के कंटेंट के नियमन के लिए नेशनल कंटेंट कंट्रोल अथॉरिटी के गठन की मांग की गई है।

### "निष्पक्ष जांच" की पाकिस्तानी मांग का चीन ने किया समर्थन

**बीजिंग।** चीन ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान की ओर से की मांग का समर्थन करते हुए निष्पक्ष जांच की वकालत की है। लगातार पाकिस्तान की ओर से भी इसे लेकर दलील पेश की जा रही है। वह डिमांड कर रहा है कि इसकी जांच भारत-पाक नहीं बल्कि तीसरे पक्ष के तौर पर अंतरराष्ट्रीय समिति करे। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम के बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में 26 निहत्थे लोगों की हत्या कर दी गई थी।

## आने वाले 10 वर्षों की जरुरत के हिसाब से पानी की व्यवस्था पर हो काम : सीएम विष्णुदेव साय

मुख्यमंत्री साय ने नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा की



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित बैठक में विभाग द्वारा किए जा रहे बड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष की प्राथमिकताओं पर चर्चा कर विभाग द्वारा संचालित केंद्र और राज्य शासन की योजनाओं के मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन की भी जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव और मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बैठक में अधिकारियों को शहरों में आने वाले दस वर्षों की जरूरत के हिसाब से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की कार्ययोजना बनाने और उन पर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरों के आउटर में विकसित हो रहे नए रिहायशी इलाकों में प्राथमिकता से उद्यान बनाने को कहा, ताकि बच्चों को खेलने-कूदने तथा बड़े-बुजुर्गों को वॉकिंग, जॉगिंग, योग और शारीरिक व्यायाम के साथ ही आमोद-प्रमोद की जगह सुलभ हो सके। मुख्यमंत्री ने सभी नगरीय निकायों में अटल विश्वास पत्र पर प्रमुखता से अमल करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी शहरों में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करते हुए भारत सरकार द्वारा जारी स्वच्छता की अपनी वर्तमान रैंकिंग में सुधार लाने को कहा। उन्होंने शहरों को सुंदर और स्वच्छ बनाने जन भागीदारी बढ़ाने के साथ ही इंदौर जैसे बेहतर सफाई व्यवस्था वाले शहरों में नगर निगमों के आयुक्तों को अध्ययन के लिए भेजने को कहा।

### मुख्यमंत्री साय ने कहा- आउटर में विकसित हो रहे नए रिहायशी इलाकों में प्राथमिकता से उद्यान बनाएं

मुख्यमंत्री ने नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए शहरी आबादी से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य विभागों से समन्वय बनाकर बुनियादी शहरी सुविधाएं विकसित करने को कहा। इससे निकट भविष्य में समीपवर्ती ग्रामीण इलाकों के नगरीय निकाय में शामिल होने या नए नगरीय निकाय के रूप में अस्तित्व में आने पर शहरों के मुताबिक व्यवस्थाएं और जन सुविधाएं विकसित करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में काम पूरा करने पर जोर देते हुए निर्धारित समयावधि में काम पूरा करने वाले निकायों के लिए रिवार्ड-सिस्टम बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने निर्माण और विकास कार्यों की प्रगति की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए एप या ऑनलाइन सिस्टम तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने रायपुर नगर निगम की तरह अन्य नगरीय निकायों में भी संपत्ति कर की वसूली के लिए ऑनलाइन सिस्टम विकसित करने पर जोर दिया।

## पीएम नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच हुई अहम मुलाकात, करीब 40 मिनट तक हुई बात



फाईल फोटो

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक प्रधानमंत्री आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई। प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बीच यह बैठक करीब 40 मिनट तक चली। पीएम मोदी के पास जाने से पहले रक्षामंत्री ने सोमवार को ही आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी से रक्षा मंत्रालय में मुलाकात की थी।

माना जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख से सेना की तैयारी, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उठाए गए कदम और सीमाओं की स्थिति की जानकारी ली। वहीं सोमवार को भारत और फ्रांस के बीच नौसेना के लिए 26 राफेल मरीन विमानों का सौदा भी होना है। इस डील से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) द्वारा फ्रांस से 26 राफेल-एम लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी दी गई है। हाल ही में मिली इस मंजूरी के बाद अब यह डील होने जा रही है। इसके तहत नौसेना के लिए मरीन (एम) श्रेणी के राफेल लड़ाकू विमान खरीदे जा रहे हैं। सोमवार को इससे जुड़े समझौतों पर नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए जाएंगे। फ्रांस के रक्षा मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बातचीत में शामिल होंगे। इस सब घटनाक्रम के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रधानमंत्री से मिलने प्रधानमंत्री आवास पहुंचे थे। यहां दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट तक गंभीर वार्ता हुई है।

गौरतलब है कि पाकिस्तान की सेना पिछले चार दिनों से नियंत्रण रेखा के उस ओर से गोलीबारी कर रही है। भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। गोलीबारी का यह सिलसिला पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद शुरू हुआ है। इस बीच रविवार को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। रक्षा मंत्री और जनरल अनिल चौहान की यह मुलाकात भी करीब 40 मिनट तक चली।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय स्थित अपने कार्यालय में छत्तीसगढ में नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा की। बैठक में गृह मंत्री श्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव गृह श्री मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) श्री अरुण देव गौतम, विशेष डीजी नक्सल ऑपरेशंस, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक का मुख्य फोकस प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा स्थिति और नक्सल उन्मूलन अभियानों की प्रगति रहा। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में प्रदेश को नक्सलमुक्त बनाने के संकल्प के साथ दृढ़ता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद का समूल उन्मूलन करना हमारा लक्ष्य है और इस दिशा में हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा बलों के अधिकारियों और जवानों के अदम्य साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी बहादुरी के कारण आज प्रदेश के कई क्षेत्र नक्सल प्रभाव से मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने सुरक्षा बलों के मनोबल को और ऊंचा बनाए रखने के लिए उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अंतिम सफलता अब बहुत निकट है।

### पाकिस्तान पर भारत की 'डिजिटल स्ट्राइक'

## 16 बड़े पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर लगाया बैन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार पाकिस्तान के खिलाफ लगातार कड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में मोदी सरकार ने अब एक और बड़ा फैसला लेते हुए पाकिस्तान स्थित 16 बड़े यूट्यूब चैनलों को प्रतिबंधित कर दिया है।

गृह मंत्रालय की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने यह कार्रवाई की है। इन यूट्यूब चैनलों पर भारत, उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ, झूठे और भ्रामक बयान तथा गलत सूचनाएं प्रसारित करने का आरोप है। सरकार का मानना है कि ये चैनल सुनियोजित तरीके से भारत में अस्थिरता फैलाने और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाली सामग्री फैला रहे थे। इन चैनलों के कंटेंट से देश में सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ने का भी खतरा था। इस 'डिजिटल स्ट्राइक' को पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर बढ़ते दबाव और भारत के सख्त रुख के तौर पर देखा जा रहा है। सरकार द्वारा बैन किए गए यूट्यूब चैनलों के नाम निम्नलिखित हैं, ये वे चैनल हैं जो लगातार भारत विरोधी दुष्प्रचार में शामिल थे।

## मंत्री रामविचार नेताम ने बलरामपुर में किया कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन



**बलरामपुर रामानुजगंज (विसं)।** बलरामपुर-रामानुजगंज नगर के वार्ड क्रमांक 7, रिंग रोड में मां कुदरगढ़ी एग्रो प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित कोल्ड स्टोरेज के उद्घाटन और विशाल किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री राम विचार नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल, भाजपा नेता बाबूलाल, मां कुदरगढ़ी एग्रो के कन्हैया लाल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, संजय अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। कृषि और उद्यानिकी विभाग की सामग्री किसानों को वितरित की। मंत्री नेताम ने कृषि और उद्यानिकी विभाग की सामग्री किसानों को वितरित की। उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोरेज का निर्माण क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान है।

## कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरा देश हमले की निंदा के लिए एकजुट : उमर अब्दुल्ला



**जम्मू (आरएनएस)।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हमले की निंदा करते हुए आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहने की बात कही।

आतंकी हमले के खिलाफ समूचे भारत में एक स्वर में हो रही निंदा को लेकर उमर अब्दुल्ला ने कहा, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पूरा देश इस हमले की निंदा करने के लिए एकजुट है, हालांकि यह पहली बार नहीं है जब हमने इस तरह के हमले देखे हैं। बैसरन ने फिर से ऐसा माहौल बना दिया है, जहां हम अब सोच रहे हैं कि अगला हमला कहां होने वाला है। मेरे पास पर्यटकों से कहने के लिए शब्द नहीं हैं। मेजबान के तौर पर यह मेरी जिम्मेदारी थी कि मैं उन्हें सुरक्षित वापस भेजूं। मैं उन बच्चों से क्या कहूं, जिन्होंने अपने पिता को खो दिया, या एक महिला जिसने अपने पति को खो दिया और कुछ दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी। उन्होंने कहा, पर्यटकों ने पूछा कि उनका क्या कसूर है, वे यहां छुट्टियां मनाने आए थे। जिसने भी यह कायरना हरकत किया, उसे कभी माफ नहीं किया जा सकता। 26 साल में पहली बार मैंने लोगों को सड़कों पर देखा। कठुआ से लेकर कुपवाड़ा तक, ऐसा कोई शहर नहीं था, जहां लोग बाहर नहीं निकले। लोग खुद ही बाहर आए। लोगों से मिल रहे समर्थन पर उन्होंने कहा, आतंकवाद तभी खत्म होगा जब लोग एक साथ आएंगे, और यह इसकी शुरुआत है। बंदूकों के जरिए हम आतंकवाद को नियंत्रित कर सकते हैं, लेकिन इसे रोक नहीं सकते, लेकिन आज लोग हमारे साथ हैं, और उनकी मदद से आतंकवाद को रोका जा सकता है। सीएम ने विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान कहा। मस्जिदों में दो मिनट का मौन रखा गया। मैं लोगों की भावनाओं को साथ लेकर चलने की कोशिश करूंगा। उमर अब्दुल्ला ने स्थानीय पोनी वाला सैयद आदिल हुसैन का जिक्र किया।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रदान किए पद्म पुरस्कार 2025, क्रिकेटर आर अश्विन को पद्मश्री



### हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश को मिला पद्म भूषण

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में 2025 के लिए पद्म अवॉर्ड्स दिए। साल की पहली पद्म सेरेमनी में 71 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान माने जाते हैं, जो कला, सामाजिक कार्य, विज्ञान, चिकित्सा, सार्वजनिक मामले, व्यापार और उद्योग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किए जाते हैं। पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिए जाते हैं- पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण।

कला के क्षेत्र में साउथ फिल्मों के एक्टर अजीत, डायरेक्टर शेखर कपूर को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। वहीं गजल गायक पंकज उधास को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान दिया गया। अवॉर्ड उनकी पत्नी फरीदा ने लिया। सिंगर जसपिंदर नरूला को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्मश्री से सम्मानित किया गया। क्रिकेटर आर अश्विन को पद्मश्री, हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश को पद्म भूषण दिया गया। वहीं कुवैत की योग टीचर शेखा अली को भी चिकित्सा क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। पैरा एथलेटिक्स कोच डॉ. सत्यपाल सिंह को खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी से पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 96 साल की कठपुतली आर्टिस्ट भीमाव्वा डोड्डाबलप्पा शिलेक्याथारा को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया। वैदिक स्कॉलर गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म श्री से सम्मानित किया।

## वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट हुआ अनिवार्य

**एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए परिवहन विभाग की वेबसाईट का ही उपयोग किये जाने की अपील**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ सरकार के परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनज़र एक बड़ी पहल शुरू की है। अब वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगवाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए विभाग ने किसी भी प्रकार की बिचौलिया व्यवस्था या धोखाधड़ी से बचाव के लिए विशेष अभियान छेड़ दिया है। उल्लेखनीय है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा एचएसआरपी के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों, केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के प्रावधानों, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना जारी की है, जिसके परिपालन में छत्तीसगढ़ राज्य में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह (एचएसआरपी) लगाया जाना अनिवार्य किया गया है, जिसे लागू कर प्रक्रिया प्रारंभ किया जा चुका है। वाहन स्वामी अधिकृत विभागीय वेबसाइट cgtransport.gov.in के माध्यम से सीधे आवेदन कर वाहन में लगाने की प्रक्रिया को संपन्न कर सकते है।



## संक्षिप्त समाचार

### राजनांदगांव जिला इकाई के अध्यक्ष पद पर कमलेश बैद हुए मनोनीत, चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने दी बधाई



**राजनांदगांव ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया कि चेम्बर के कार्य में सहयोग करने एवं गतिशील बनाने के लिये जिला इकाई राजनांदगांव हेतु चेम्बर में पदधिकारियों का अतिरिक्त विस्तार करते हुए जिला इकाई अध्यक्ष पद पर श्री कमलेश बैद को मनोनीत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने राजनांदगांव जिला इकाई अध्यक्ष श्री कमलेश बैद जी को बधाई देते हुए यह उम्मीद की है कि प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग के हित में कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज को एक नयी ऊचाईयों पर लेकर जायेगें।

### महिला एवं बाल विकास विभाग ने उरला क्षेत्र में रोका बाल विवाह



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर के दिशा-निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शैल ठाकुर एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमती रश्मि बाला तिवारी के मार्गदर्शन में आज उरला थाना क्षेत्र से प्राप्त बाल विवाह की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की गई। सेक्टर पर्यवेक्षक सह बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी द्वारा विवाह स्थल पर पहुंचकर बालिका के माता-पिता से आयु संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया। दस्तावेज उपलब्ध न कराए जाने की स्थिति में शासकीय विद्यालय के नामांकन खारिज रजिस्टर का अवलोकन किया गया, जिसमें बालिका की आयु 18 वर्ष से कम पाई गई। उक्त स्थिति में, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह को रोका गया। बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने तक विवाह न करने के संबंध में माता-पिता को विधिक जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही, पार्षद एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सहमति-पत्र एवं पंचनामा तैयार किया गया, जिस पर बालिका के माता-पिता एवं उपस्थित जनसमुदाय के हस्ताक्षर लिए गए।



### शकीला बेगम का निधन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मरहूम नाजिर ख़ान (राज्य परिवहन) की अहेलिया राजू, सब्बीर, वसीम की वालिदा शकीला बेगम 60 वर्षीय का इंतकाल हो गया है जिनकी मय्यत सुबह 10 बजे उनके मकान तात्यापारा दाना भाई पेटी वाले के बाजू से मौदहपारा कब्रिस्तान लेजायी जायेगी जनाजे की नमाज मौदाहपारा कब्रिस्तान में होगी।

### सुशासन तिहार का असर, आवेदनों पर कार्रवाई शुरू

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के अंतर्गत शासन की ओर से आमजनों की समस्या का निराकरण कर उन्हें राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। सुशासन तिहार के पहले चरण में आमजनों की समस्या को जाना गया और दूसरे चरण में उनका निराकरण तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिले के अधिकारी-कर्मचारी जिलेवासियों की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। आरंग ब्लॉक के ग्राम कुटेसर के ग्रामवासियों ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया था कि ग्राम में स्थित एक निजी पोल्ट्री फार्म के बदबू से सभी लोग परेशान है। पशु चिकित्सा सेवायें विभाग को यह शिकायत मिलते ही संयुक्त संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें विभाग, डॉ. शंकर लाल उइके ने मौके का निरीक्षण किया और पाया कि पोल्ट्री फार्म के संचालक द्वारा पोल्ट्री अपशिष्ट खुले में रख दिया जाता है।

## पेयजल को लेकर आयुक्त मोनिका का वार्ड भ्रमण, कहा- पम्प ऑपरेटर लॉग बुक दुरूस्त रखें




**रिसाली ( विश्व परिवार )।** ओवरहेड टैंक में तैनात पंप ऑपरेटर को लॉगबुक दुरूस्त रखने के निर्देश आयुक्त ने दिए है। गर्मी को देखते हुए रिसाली निगम आयुक्त ने टंकी के भराव स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल वितरण व्यवस्था को अति आवश्यक और महत्वपूर्ण बताते हुए अधिकारियों को सजग रहने कहा।

नगर पालिक निगम आयुक्त मोनिका पेयजल समस्या पर गंभीर नजर आई। उन्होंने सोमवार को रूआबांधा, आशीष, नगर नेवई और मरोदा ओवरहेड टैंक का निरीक्षण की। इस दौरान उन्होंने पंप ऑपरेटर द्वारा संधारित लॉगबुक का अवलोकन भी किया। मोनिका वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी पंप ऑपरेटर ओवरहेड टैंक में जल भराव और पानी कितने मिनट तक दिए जाने का समय स्पष्ट रूप से उल्लेख करे। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सहायक अभियंता अलिखेश गुप्ता, जलकार्य प्रभारी गोपाल सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

**लिकेज देख हुई नाराज**- निरीक्षण के दौरान वार्ड 34 स्थित मुख्य नेवई मार्ग में पाइप लाइन लिकेज मिला। सड़क पर पानी बहते देख आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। आयुक्त ने लिकेज को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दी है। साथ ही नेवई ओवरहेड टैंक के रिसाव को ग्रीष्मकाल के बाद ठीक करने प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने कहा।

**पानी की जांच हर रोज हो**- इस दौरान पंप ऑपरेटर की मीटिंग लेते हुए आयुक्त ने कहा कि हर रोज ओवरहेड टैंक से पानी का नमूना लेकर जांच के लिए भेजे। उन्होंने रिपोर्ट मानक नहीं होने पर उच्च अधिकारियों को सूचित करने कहा। जांच रिपोर्ट आने पर रजिस्टर पर इंद्राज करने भी निर्देश दिए।

**लो प्रेसर वाले क्षेत्र का करे भ्रमण**- आयुक्त ने कहा है कि अधिकारी ऐसे क्षेत्र की मॉनिटरिंग करे जहां पानी का प्रेसर कम हो जाता है। पेयजल उपलब्धता के लिए टैंकर का रोटेशन आवश्यकता अनुसार बढ़ाने भी निर्देश दिए।

## निगम एमआइसी और पार्षदो ने कलेक्टर अभिजीत सिंह से की मुलाकात

**निगम क्षेत्र शासकीय भूमि की जानकारी सहित अवैध अतिक्रमण हटाने व रोकथाम जैसे मुद्दों पर की चर्चा**



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती अलका बाघमार के मार्गदर्शन में सोमवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात कर कई मुद्दों पर लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर ने वित्त/लेखा प्रभारी नरेंद्र बंजारे,राजस्व व बाजार प्रभारी शेखर चन्द्राकर, विद्युत/यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल,पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर के अलावा पार्षद ललिता ठाकुर द्वारा की चर्चा।

मुलाकात के दौरान लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर ने बताया कि जनहित के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों हेतु शासकीय भूमि की लगातार आवश्यकता होती है, परंतु निकाय क्षेत्रांतर्गत स्थित शासकीय भूमि की वास्तविक वस्तुस्थिति एवं विवरण की जानकारी नगर निगम मे उपलब्ध नहीं है।जिसके कारण योजनाएं तैयार करने में कठिनाई होती है।

लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर व वित्त/लेखा प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने कहा कि नगर निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित समस्त शासकीय (राजस्व / नजूल इत्यादि) भूमि की विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित करने की बात कही।

इसके साथ ही उन्होंने ये भी अनुरोध किया कि नगर निगम दुर्ग मे शासकीय भूमि के चिन्हांकन, सीमांकन, माप, अतिक्रमण हटाने के बाद नया अतिक्रमण न हो हेतु रोकथाम इत्यादि कार्यों हेतु अनुभवी शासकीय राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी की सेवाएं नगर निगम दुर्ग में संलग्न करने हेतु आदेशित करने अनुरोध किया। प्रभारी ने कलेक्टर को चर्चा में बताया कि नगर निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित इंदिरा मार्केट, हटरीबाजार,गंजपारा इत्यादि विभिन्न व्यवसायिक परिसर, मुख्य मार्ग,नया बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन मार्ग के साथ सार्वजनिक उपयोग के स्थल पर किये गये अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमणों को जनहित में हटाये जाना अति आवश्यक है। इस हेतु कानून व्यवस्था की दृष्टि से कार्यकारी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की निरंतर आवश्यकता की मांग की। इस संबंध में उन्होंने प्रभावी कार्यवाही हेतु आपकी अध्यक्षता में संबंधित विभाग के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा निर्देश आवश्यक है।

## कलेक्टर ने वाटर कंजरवेशन को लेकर ली बैठक, क्रेडाई बनाएंगे जल संरक्षण के लिए पिट



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने आज कलेक्टर सभाकक्ष में वाटर कंजरवेशन को लेकर क्रेडाई बिल्डर्स के साथ बैठक की। कलेक्टर ने कहा कि जल अमूल्य होता है। इस समय विशेषकर राजधानी में जल संरक्षण किए जाने की आवश्यकता है। जल संरक्षित करेंगे तो जल स्तर बना रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्षा के जल को व्यर्थ बहने से रोकना चाहिए और इसे बचाए जाने के उपाय करने होंगे।

बैठक में क्रेडाई बिल्डर्स के सदस्यों ने इस दिशा में ठोस कदम उठाने सहमति जताई। साथ ही यह तय किया गया कि शहर में बिल्डर्स की संस्था क्रेडाई के द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में पिट बनाए जाएंगे। जिसमे वर्षा के जल को संचय किया जाएगा। इसके लिए ऐसे स्थानों का चयन किया जाएगा जहां जल का ठहराव होता रहा है। जल संचित होने से यह हमारे भू-जल स्तर को बढानें में सहयोग मिलेगा।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जो पुराने वाटर कंजरवेशन के निए पिट बनाए गए हैं उसकी साफ-सफाई की जाए। उन्होंने शहरों में साफ-सफाई की व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए। बैठक में साफ-सफाई के दौरान निकाले गए पॉलिथीन के पुन: उपयोग करने पर भी विचार किया गया। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, क्रेडाई के सचिव श्री अभिषेक बछावत सहित अन्य अधिकारीगण, क्रेडाई के सदस्य उपस्थित थे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./19935/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 26-04-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 19935
वार्ड का नाम- 55- रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651D1048B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1. RAGINI SANWARIYA 2.HIMANSHU SANWARIYA 3. SUDHANSHU SANWARIYA 4. PRADYUMAN SANWARIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SW. SATISH SANWARIYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUSHILA DEWAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VINOD DEWAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./20036/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 28-04-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 20036
वार्ड का नाम-10- रानी लक्ष्मी बाई वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 10 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227R00475** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHAILEJA MANDLOK** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O SUNIL MANDLOK** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्रीमती सोनम पाण्डेय पति - श्री अजय कुमार** पिता/पति श्री/श्रीमती **2. अजय कुमार पिता - श्री रामाशीष दुबे** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री रमेश कुमार जायसवाल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./20075/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 28-04-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 20075
वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331D00439** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PUSHPLATA SURANA D/O LT. LUNKARAN PAREKH , GARIMA NAHAR D/O LT. DEEPAK SURANA** पिता/पति श्री/श्रीमती ...... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. SHUBHRA BARDHAN 2. KU. VANDITA DESHPANDE** पिता/पति श्री/श्रीमती **1. LATE SHIBABRATA BARDHAN 2. LATE P.G. DESHPANDE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री रमेश कुमार जायसवाल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./19936 / न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 26-04-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 19936
वार्ड का नाम- 55- रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651D1048A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1. RAGINI SANWARIYA 2.HIMANSHU SANWARIYA 3. SUDHANSHU SANWARIYA 4. PRADYUMAN SANWARIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SW. SATISH SANWARIYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KAJAL SHUKLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BASANT KUMAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./20124/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 26-04-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 20124
वार्ड का नाम- 55- रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651D01073** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SARSWATI TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DINBANDHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1.SEEMA SHARMA 2. JYOTI SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. OM PRAKASH SHARMA 2 RAJESH SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./19380/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 28-04-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 19380
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446M00125** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AKANSHA SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KURUSH MEENU BHAGAT** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ARUN KUMAR SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NARAYAN SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया तहसील पिपरिया जिला-कबीरधाम**
**ई-कोर्ट प्रकरण क्रमांक .../ब-121/ वर्ष 2024-25**

**इश्तिहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **टीकाराम साहू पिता पुनाराम निवास का पता - ग्राम कोसमंदा तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़** द्वारा अपने **माता द्रोपति पति पुनाराम निवास का पता ग्राम-कोसमंदा तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़** है, जिनकी मृत्यु ग्राम **कोसमंदा, थाना - पिपरिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़** में **दिनांक 05 अक्टूबर, 2022** को हुआ है जिनकी मृत्यु तिथि शासकीय दस्तावेजों मे दर्ज कराये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपर्युक्तानुसार वर्णित पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा-आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षकर्ता न्यायालय में प्रकरण की सुनवाई **तिथि 09.05.2025** तक स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**सुनवाई तिथि 09.05.2025**

मुहर

**न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया जिला कबीरधाम ( छत्तीसगढ़ )**

**न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया तहसील पिपरिया जिला-कबीरधाम**
**ई-कोर्ट प्रकरण क्रमांक .../ब-121/ वर्ष 2024-25**

**इश्तिहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजाराम पिता तिजऊ निवास का पता **ग्राम खैरा तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़** द्वारा अपने **भाई बंशी धुर्वे पिता तिजऊ निवास का पता ग्राम खैरा तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़** है, जिनकी मृत्यु ग्राम खैरा थाना पिप्परिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ में **दिनांक 12 अक्टूबर 2000** को हुआ है जिनकी मृत्यु तिथि शासकीय दस्तावेजों मे दर्ज कराये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपर्युक्तानुसार वर्णित पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा-आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षकर्ता न्यायालय में प्रकरण की सुनवाई **तिथि 13.05.2025** तक स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**सुनवाई तिथि 09.05.2025**

मुहर

**न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया जिला कबीरधाम ( छत्तीसगढ़ )**

**न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया तहसील पिपरिया जिला-कबीरधाम**

**इश्तिहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **वेदकुमार पिता रेखाराम जाति सतनामी निवासी इंदौरी तहसील पिपरिया जिला-कबीरधाम छ.ग.** द्वारा अपने नाम स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम **इंदौरी में खसरा नंबर 2328/15 रकबा 0.308 हेक्टे.** भूमि नामांतरण पंजी एवं खसरा पाँचसाला मेनुवल रिकार्ड में दर्ज है। उपरोक्त **खसरा नंबर 2328/15** का रकबा ऑनलाईन में **0.121 हेक्टे.** त्रुटिपूर्ण प्रदर्शित हो रहा है। आवेदक द्वारा वर्णित **खसरा नंबर 2328/15 रकबा 0.121** हेक्टे के स्थान पर **रकबा 0.308 हेक्टे** दर्ज कर ऑनलाई रकबा संशोधन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपर्युक्तानुसार वर्णित पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा-आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षकर्ता न्यायालय में प्रकरण की सुनवाई **तिथि 06.05.2025** तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज **दिनांक 22.04.2025** को न्यायालय की सीलमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया। सुनवाई तिथि 06.05..2025

मुहर

**न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया जिला कबीरधाम ( छत्तीसगढ़ )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574**
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

***आम-सूचना***

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि **सामान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी डूमरतराई फेस-I जिला रायपुर में स्थित एच.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-702, सातवां तल, श्री हिमांशु डाहिरे, पिता श्री प्रदीप कुमार डाहिरे,** को एकमुश्त आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट की सेलडीड **दिनांक 23/01/2018** पंजीकृत कराने के उपरांत फ्लैट की पूर्ण राशि जमा कर आधिपत्य आदेश **क्रमांक 512 दिनांक 24/01/2018** प्राप्त किया गया है, वर्तमान में **श्री हिमांशु डाहिरे, पिता श्री प्रदीप कुमार डाहिरे, निवासी मकान नं.-10/216. शहीद गोपीचंद कॉलोनी, जरहाभाटा, बिलासपुर ( छ.ग. ) के द्वारा उक्त फ्लैट को श्रीमती रंजीता धनगर, पति श्री रमेश कुमार धनगर, निवासी 816/जी, आर.डी.ए. कॉलोनी, टिकरापारा, जिला रायपुर ( छ.ग. )** के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवदेन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) की मांग की गई है।

अत: उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574**
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

***आम-सूचना***

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि **सामान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी डुमरतराई फेस-I, जिला रायपुर में स्थित एम.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-188, ब्लॉक क्रमांक-08, पांचवा तल ( जी+6 ), श्री चेतन प्रमोद दक्षिनि, पिता श्री प्रमोद जसराज दक्षिनि,** को स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट की लीजडीड **दिनांक 19/07/2017** पंजीकृत कराने के उपरांत फ्लैट की पूर्ण राशि जमा कर **पत्र क्रमांक 6771 दिनांक 19/07/2017** को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आंबटी **श्री चेतन प्रमोद दक्षिनि, पिता- श्री प्रमोद जसराज दक्षिनि, निवासी लकडगंज गार्डन के सामने फ्लैट नं.-403, कृष्णा विला अपार्टमेंट क्युटा कालोनी, जिला-नागपुर ( महाराष्ट्र )** के द्वारा उक्त फ्लैट को **श्रीमती संध्या कर्मकार पति श्री निर्मल चंद कर्मकार, निवासी 391/ख, सरार पारा, चारमा वार्ड नं.- 05, उत्तर बस्तर काकेर ( छ.ग. )** के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवदेन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) की मांग की गई है।

अत: उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /20318/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 26-04-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 20318
वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568B00971** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VIKRAM SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJENDRA SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1- NIRMA RANJAN 2- RAVI RANJAN KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1- RAVI RANJAN KUMAR 2- AWADHESH SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री जसदेव सिंह बाबरा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./18670/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 26-04-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18670
वार्ड का नाम- 53 - बाबु जगजीवन राव वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651J0960C** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJENDRA RAMESH LAL AHUJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMESH LAL LOKRAM JI AHUJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VISHAL SHADIJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHYAMLAL SHADIJA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./19778 / न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 26-04-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 19778
वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445M00190** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANIL SAHNI , ROMA SAHNI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **M.L.SAHNI , ANIL SAHNI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. AASHU TAWRE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O ISHWAR LAL TAWRE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन का नवीन विद्यालय प्रारंभ

# चांद को छूने जैसा संघर्ष का परिणाम है ज्ञानोदय संस्था- महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह





**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )-** एस ई सी एल बिश्रामपुर का महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह ने फीता काटकर ज्ञानोदय संस्था का नवीन विद्यालय का किया शुभारंभ द्य

जानकारी के ज्ञानोदय संस्था विश्रामपुर विगत 30 वर्षों से श्रवण बाधित दिव्यांग बच्चों की नि:शुल्क सेवा कर रहा है ज्ञानोदय एसोसिएशन समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था ज्ञानोदय एसोसिएशन ने दिव्यांग बच्चों के उत्थान में एक नया पहल किया है द्य जिसकी प्रशंसा हर लोगों की जुबान से हो रही है।

गौरतलब है कि कोयलांचल बिश्रामपुर में स्थित सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन विगत 30 वर्षों से लगातार दिव्यांग बच्चों विकास के लिए काम कर रही है द्य इस संस्था में श्रवण बाधित दिव्यांग बच्चों के लिए नि:शुल्क आवासीय विद्यालय संचालित है द्य इसी क्रम में संस्था द्वारा 5 से लेकर 18 वर्ष तक के उम्र के मानसिक दिव्यांग बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए विशेष आवासीय विद्यालय का शुभारंभ किया द्य नए शिक्षा सत्र 2025 - 26 से प्रारम्भ होने वाले इस विद्यालय का शुभारंभ स्श्वष्टरु बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया द्य

इस अवसर महाप्रबंध डॉ. संजय कुमार सिंह ने संस्था में रहने सभी दिव्यांग बच्चों से मुलाकात कर उनके शिक्षकों से क्लासरूम एवं हॉस्टल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया द्य इसके पश्चात

संस्था द्वारा आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए द्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में संस्था के दिव्यांग बच्चों ने मनमोहक नृत्य का प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया द्य

इस अवसर महाप्रबंध डॉ सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्था का कार्य सराहनीय है द्य इसके साथ उन्होंने कहा कि ज्ञानोदय एसोसिएशन का दिव्यांग बच्चों के विकास के लिए किया जा रहा प्रयास चांद को छूने बराबर है द्य

इसी क्रम में संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने बताया कि हमारी संस्था विगत तीन दशक से दिव्यांग बच्चों के विकास हेतु काम कर रही है द्य इसके साथ उन्होंने कहा कि संस्था का एकमात्र उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को विशेष शिक्षा प्रदान कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है द्य

इस अवसर पर एसईसीएल के खान सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह, ज्ञानोदय एसोसिएशन के सचिव श्याम घोषाल,नगर पंचायत बिश्रामपुर के उपाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह चौहान, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, श्रीमती श्यामा पाण्डे, सूरज सेट्टी, स्पेशल ट्रेनर राधा नंदी, मो. अनवर हुसैन, सिद्धार्थ पाण्डेय सहित संस्था के समस्त स्टॉफ और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे द्य

# जिले में नहरों और जलाशयों की सफाई व मरम्मत कार्य प्रारंभ, किसानों को मिलेगी बेहतर सिंचाई सुविधा



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** सूरजपुर जिला में किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जल संसाधन विभाग ने नहरों और जलाशयों के स्लज (गाद) की सफाई और मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया है। रामानुजनगर ब्लॉक के सेंदुरी, बद्रिकाश्रम और सोनपुर जलाशय तथा सूरजपुर ब्लॉक के लॉचीं जलाशय में यह कार्य तेजी से चल रहा है।

सेंदुरी जलाशय की रूपांकित क्षमता 117 हेक्टेयर है, किंतु नहरों की जर्जर स्थिति के कारण अब तक मात्र 55 हेक्टेयर क्षेत्र में ही सिंचाई हो पा रही थी। साफ-सफाई और मरम्मत कार्य पूर्ण होने के उपरांत पूरे 117 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इसी प्रकार, बद्रिकाश्रम जलाशय जिसकी क्षमता 160 हेक्टेयर है, वहां अब तक केवल 40 हेक्टेयर में ही सिंचाई हो रही थी। सोनपुर जलाशय में 133 हेक्टेयर के विरुद्ध मात्र 60 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा थी, जो अब पूरी क्षमता तक पहुंचाई जाएगी।

कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु पूर्व जिले के सभी जलाशयों और नहरों की सफाई एवं मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। सूरजपुर ब्लॉक के लॉचीं जलाशय के नहर का मरम्मत कार्य भी प्रारंभ हो चुका है।

इन सुधार कार्यों के पूर्ण होने से लगभग 500 कृषक परिवारों को बेहतर सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी, जिससे न केवल कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। प्रशासन का यह प्रयास जिले में कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## भाजपा के प्रबुद्धजन संपर्क अभियान में पार्षद हितानंद अग्रवाल ने भी निभाई सहभागिता

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिला अंतर्गत आने वाले सर्वमंगला नगर अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में संगठन के निर्देश पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष और वर्तमान पार्षद हितानंद अग्रवाल के द्वारा सर्वमंगला मंडल अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों का दौरा किया गया। जहां उनके द्वारा अनुसूचित जाति के प्रबुद्ध परिवारजनों से भेंट-मुलाकात की गई। पूर्व नेता प्रतिपक्ष और वर्तमान पार्षद हितानंद अग्रवाल मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ क्रमशः संजय खूंटे, लखन लाल आदिले, पंचराम खूंटे, सुदर्शन सारथी, काशीराम टंडन, रूपराम ज्वाला, सुरित राम, देवनाथ कोसले के घर पहुंचे। इस दौरान हितानंद अग्रवाल ने सभी परिवारों के मुखियाओं को गमछा पहनकर उनका सम्मान भी किया। साथ ही 27 अप्रैल को गीतांजलि भवन कोरबा में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह में पधारने हेतु निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में आने निवेदन किया। इस दौरान हितानंद अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आजादी के बाद से डॉ. भीमराव अंबेडकर को कभी भी सम्मान देने का कार्य नहीं किया उनके विचारों को कभी भी बढ़ाने का कार्य नहीं किया। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तो सन 1952 एवं 1954 के लोकसभा चुनाव में उन्हें हराने का कार्य किया। पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनसे भय था वे उनकी सामाजिक एवं राजनीतिक हत्या करना चाहते थे।

# सूरजपुर जिले के 74 ग्रामों में लगा चलित थाना, नागरिकों को म्यूल अकाउंट, डिजिटल अरेस्ट, साईबर अपराध से बचाव की जानकारी दी गई



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार )-**आम जनता के शिकायतों का मौके पर निराकरण करने, डिजिटल अरेस्ट, साईबर अपराध से बचाव, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाए गए अभिव्यक्ति ऐप के बारे में प्रचार-प्रसार तथा गांवों में पुलिस की सक्रिय और प्रभावी उपस्थिति एवं सूचना तंत्र को प्रभावी ढंग से विकसित करने के उद्देश्य को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों को प्रत्येक गांव में चलित थाना लगाने के निर्देश दिए है।

जिले की पुलिस के द्वारा पिछले 5 दिनों में विभिन्न शहरी, ग्रामीण सहित दुरस्थ 74 ग्रामों में चलित थाना का आयोजन कर नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट व साइबर अपराध सहित सुरक्षा से जुड़े पहलुओं के प्रति जागरूक करते हुए कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया है। इसके साथ ही गांव में होने वाले किसी भी प्रकार के अपराध व अवैध कार्यो की सूचना तत्काल पुलिस को देने की हिदायत दिया है। पुलिस की इस अभियान से ग्रामीणों में उत्साह है और पुलिस के कार्यो में सहयोग के लिए अब वे आगे आ रहे है। डिजिटल अरेस्ट, महिला सुरक्षा एवं ठगी से सावधान रहने किया जागरूक।

थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा आयोजित चलित थाना के दौरान ग्रामीणों को म्यूल अकाउंट, डिजिटल अरेस्ट के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि डिजिटल अरेस्ट एक साइबर स्कैम है, जिसमें फ़र्ज़ी सरकारी अधिकारी बनकर लोगों को डरा-धमकाकर पैसे वसूले जाते हैं। यह एक तरह का ऑनलाइन ब्लैकमेल है, डिजिटल अरेस्ट में, फ़र्ज़ी अधिकारी वीडियो कॉल पर लोगों को डराते-धमकाते हैं और उन्हें गिरफ़्तारी के झूठे बहाने से डिजिटल रूप से बंधक बना लेते हैं, इस दौरान वे लोगों से लगातार वीडियो कॉल पर बने रहने के लिए कहते हैं और पैसे ट्रांसफ़र करवाते रहते हैं। डिजिटल अरेस्ट की शुरुआत एक मैसेज या फ़ोन कॉल के साथ होती है। फ़र्ज़ी अधिकारी, पुलिस, सीबीआई, नारकोटिक्स, आरबीआई, या दिल्ली या मुंबई पुलिस अधिकारी बनकर बात करते हैं, वे लोगों को यह बताते हैं कि उनके पैन और आधार का इस्तेमाल करके तमाम चीज़ें खरीदी गई हैं या मनी लॉन्ड्रिंग की गई है। कई बार यह भी दावा किया जाता है कि वे कस्टम विभाग से बोल रहे हैं और आपके नाम से कोई पार्सल आया है जिसमें ड्रग्स या प्रतिबंधित चीज़ें हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आसान भाषा में कहा जाए तो डिजिटल अरेस्ट में फर्जी सरकारी अधिकारी बनकर वीडियो कॉल के माध्यम से लोगों को डरा-धमकाकर उनसे बड़ी रकम वसूल कर लेते है।

मौजूद ग्रामीण, महिलाओं व बच्चों को कानून की जानकारी देते हुए अपराध से बचने की समझाईश दी। वर्तमान दौर साइबर अपराध म्यूल अकाउंट, बैंक एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने तथा बैंक का अधिकारी अथवा कर्मचारी बनकर मोबाइल से आधार कार्ड एवं एटीएम कार्ड की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर बैंक खातों से रकम पार करने की घटित हो रही घटनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को देते हुए ठगी का शिकार होने से बचने की सलाह दी। इसी क्रम यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उसका पालन करने की अपील की। साईबर अपराध, महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानूनों, प्राकृतिक आपदा के मामले में राहत राशि, सहित विधिक जानकारियों से अवगत कराते हुए कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। महिला सुरक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी अभिव्यक्ति ऐप के बारे में अवगत कराया। इसी क्रम में नशा न करने की समझाईश देते हुए नशे से होने वाली आर्थिक, सामाजिक एवं शारीरिक हानियों के बारे में अवगत कराया।

**पुलिस के द्वारा यहां लगाया गया चलित थाना, नागरिकों को किया जा रहा जागरूक-** डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश के बाद थाना प्रतापपुर के ग्राम बगदा, खोरमा, चौकी रेवटी के ग्राम गोवर्धनपुर, चौकी खड़गवां के ग्राम मानपुर, केरता, जयनगर के ग्राम कोरया, हर्राटिकरा, चौकी करंजी के ग्राम केनापारा, चौकी तारा के ग्राम तारा, जनादनपुर, चौकी मोहरसोप के ग्राम कछिया, चौकी लटोरी ग्राम कसकेला, तुलसी, थाना भटगांव के ग्राम चुनगड़ी, सेवारीपारा, बंशीपुर थाना विश्रामपुर के शिवनंदनपुर, चौकी उमेश्वरपुर ने ग्राम जयपुर, तारकेश्वरपुर, थाना चांदनी ने ग्राम नवाटोला, थाना ओड़गी ने ग्राम रामपुर, थाना रामानुजनगर ने ग्राम पटना, थाना चंदौरा ने ग्राम डोमहत, चंदौरा, चौकी खड़गवां ने ग्राम खड़गवां, सुखदेवपुर, थाना सूरजपुर के ग्राम देवनगर, चंदरपुर सहित अन्य थाना-चौकी क्षेत्र के ग्रामों में 74 चलित थाना का आयोजन किया है। पुलिस के इस आयोजन में काफी संख्या में नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट, साईबर अपराध म्यूल अकाउंट सहित विविध जानकारी देकर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

# महमाया ओपन कास्ट खदान बनेगा रोजगार का गढ़

## कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े करेंगी 86 नियुक्ति पत्रों का वितरण, डामर फैक्ट्री से आएगा विकास का सुनहरा दौर

**गोपाल सिंह विद्रोही**



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार )-**भटगांव क्षेत्र के एसईसीएल मुख्य महाप्रबंधक दीलिप कुमार बोबड़े के नेतृत्व में महमाया ओपन कास्ट कोयला खदान परियोजना को शुरू करने की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इस ऐतिहासिक पहल के तहत, 30 अप्रैल को नगर पंचायत जरही क्षेत्र के 86 पात्र लाभार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे इस गौरवमयी अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगी। उनकी मौजूदगी से कार्यक्रम को विशेष सम्मान और ऊर्जा मिलने वाली है। श्रीमती राजवाड़े क्षेत्रीय विकास, रोजगार सृजन और सामाजिक सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जानी जाती हैं, और उनकी उपस्थिति इस आयोजन को और भी ऐतिहासिक बनाएगी।

**214 स्थानीयों के सपनों को मिलेगी उड़ान -** एसईसीएल भटगांव द्वारा नगर पंचायत जरही क्षेत्र में 428 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है। इस परियोजना के तहत कुल 214 स्थानीय लाभार्थियों को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रथम चरण में 86 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे, शेष को बिलासपुर मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के उपरांत अवसर प्रदान किए जाएंगे।

**भविष्य का सुनहरा द्वार: डामर फैक्ट्री से 4000 को मिलेगा रोजगार -** महमाया ओपन कास्ट खदान से निकले कोयले का इस्तेमाल प्रस्तावित डामर फैक्ट्री में किया जाएगा, जिसे पुराने महामाया कोल माइंस क्षेत्र में स्थापित करने की योजना है। इस फैक्ट्री के प्रारंभ होने से लगभग 4000 लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियाँ तेजी से बढ़ेंगी और स्थानीय बाजार में नई जान आएगी।

**व्यापार और विकास को मिलेगी नई उड़ान -** जरही क्षेत्र में महमाया ओपन कास्ट खदान और प्रस्तावित डामर फैक्ट्री के कारण व्यापारिक गतिविधियों में अभूतपूर्व वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है। रोजगार मिलने से लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा और समग्र क्षेत्र का सामाजिक व आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक रूप से बदलेगा।

**स्थानीय जनता में खुशी का माहौल -** रोजगार के अवसरों को लेकर जरही क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की सक्रिय भागीदारी से लोगों को सरकार की विकास नीतियों पर भरोसा और उत्साह दोनों में वृद्धि देखने को मिल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर द्वारा किया गया फिल्टर प्लांट एवं इंटेकवेल का निरीक्षण





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** कलेक्टर सूरजपुर एस. जयवर्धन द्वारा सूरजपुर के शहरी क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु हेतु पेयजल के सुचारू व्यवस्था हेतु नगर पालिका के फिल्टर प्लांट एवं इंटेक वेल का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें फिल्टर प्लांट में खराब मोटर को तत्काल सुधार कराये जाने एवं नगर में पेयजल के सुचारू व्यवस्था किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### एस ई सी एल बिश्रामपुर में सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस मनाया गया



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )-** आज बिश्रामपुर क्षेत्रीय मुख्यालय महाप्रबन्धक कार्यालय प्रांगण मे बिजय प्रसाद महाप्रबंधक (विधुत एवं यांत्रिक )के मुख्य आतिथ्य में इलो का कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम वर्ष 2025 की थीम रेवोल्यूशनिजिंग हेल्थ एंड सेफ्टी द रोल ऑफ अल एंड रिवॉल्यूशनिजिंग डिजिटलाइजेशन एट वर्क कोल इंडिया चेयरमैन पी एम् प्रसाद के सन्देश का पठन किया गया ।कोयला उद्योग में सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए आई और डिजिटलाइजेशन के महत्व पर विशेष बल देते हुए मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में बताया कि कोल इंडिया को उत्पादन की सर्वोच्च ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए सुरक्षा एवं स्वास्थ्य का स्तर भी उच्चतम होना आवश्यक है तथा इसमें क्रन्तिकारी बदलावों की जरुरत है। क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी के एल भील बिश्रामपुर क्षेत्र ने शून्य दुर्घटना लक्ष्य एवं शून्य क्षति दक्षता प्राप्त करने के लिए सभी के सामूहिक प्रयास का आव्हान किया।

### स्विमिंग पूल में डूबने से मैनेजर की मौत

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** देवरीखुर्द क्षेत्र स्थित होटल रेड डायमंड में हैदराबाद से आए एक मार्केटिंग मैनेजर की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान एम. जे. फारूक के रूप में हुई है, जो कंपनी के कार्य से बिलासपुर आए थे और होटल में ठहरे हुए थे। शुक्रवार शाम फारूक होटल के स्विमिंग पूल में नहा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस होटल के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है ताकि घटना के पूरे घटनाक्रम का पता लगाया जा सके। प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार का आपराधिक एंगल सामने नहीं आया है, फिर भी पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।घटना के बाद होटल प्रबंधन से भी पूछताछ की जा रही है।

### जान से मारने की धमकी आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्राम लटुवा में अश्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए हत्या करने की कोशिश करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि दिनांक 25.04.2025 को प्रार्थी संतराम कन्नौजे उम्र 77 वर्ष निवासी ग्राम लटुवा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 25.04.2025 को एक शोक कार्यक्रम में शामिल होने तालाब गया हुआ था। इस बीच आरोपी खूबचंद कन्नौजे द्वारा प्रार्थी के पास आकर समाज में मुखिया होकर भी कन्नौजे समाज में मेरी शादी नहीं करा रहे हो, इस प्रकार की बातें बोलकर प्रार्थी को अश्लील गाली गलौज करते हुए, जान से मारने की धमकी देने लगा तथा प्रार्थी की गर्दन को पकड़ कर प्रार्थी को तालाब के अंदर गहरे पानी में ले गया तथा सिर गाल पकड़कर प्रार्थी को डूबाने की कोशिश करने लगा।

## संपादकीय

### पाकिस्तान बौखलाया हुआ

मुंबई में 26/11 के आतंकी हमले में मुख्य आरोपियों में से एक तहव्वुर राणा के अमेरिका से भारत में प्रत्यार्पित होने से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारतीय एजेंसियां इस हमले से संबंधित सभी पहलुओं पर राणा से पूछताछ कर रही हैं। पूछताछ में हमले में पाकिस्तान की केंद्रीय भूमिका की पुख्ता जानकारी मिल सकती है। इस बीच, पाकिस्तान का कश्मीर को लेकर अनर्गल पलाप जारी है। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद में पहले प्रवासी पाकिस्तानी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर हमारे गले की नस थी, हमारे गले की नस रहेगी और हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। जनरल मुनीर के इस बयान का भारतीय विदेश मंत्रालय ने कड़ा प्रतिवाद किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दो टूक कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का अभिन्न अंग है। पाकिस्तान को उसे जल्द खाली करना पड़ेगा। लोगों को याद होगा कि पिछले महीने ही संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने साफ शब्दों में कहा था कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को अवैध रूप से कब्जा कर रखा है जो उसे खाली करना पड़ेगा। इसके पहले भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी लंदन में एक समारोह में कहा था कि कश्मीर समस्या का समाधान जम्मू-कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा, जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है। पीओके पर केंद्र की वर्तमान मोदी सरकार का यह रुख निरंतर जारी है और अपनी गति पर है। यह बताता है कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे से पीओके को भारत वापस लाने के लिए नई दिल्ली वैश्विक समर्थन जुटाने के लिए प्रयासरत है। यहां के नागरिक पाकिस्तानी सरकार और सेना के जुल्म से मुक्ति पाने के लिए आंदोलनरत हैं। वे भारत जैसे लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश के साथ रहना चाहते हैं। पाकिस्तान की पहचान एक ऐसे देश के रूप में बन गई है, जो आतंकवाद का केंद्र है। कोई भी सभ्य नागरिक ऐसे देश में रहना नहीं चाहता। इसीलिए वहां के नागरिक पीओके के भारत में विलय की मांग कर रहे हैं। उम्मीद है कि देर-सबेर उनका यह सपना पूरा होकर रहेगा।

# वेव्स 2025:वैश्विक रचनात्मक नेतृत्व की दिशा में भारत की उपलब्धि........

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य राज्य मंत्री
डॉ. एल. मुरुगन



भारत ने सदैव कहानी कहने की कला में उत्कृष्टता हासिल की है। रामायण और महाभारत जैसे कालातीत महाकाव्यों ने पीढ़ियों को अपनी ओर आकर्षित किया है। हमारी कथाएं इन गाथाओं से आगे बढ़ती हैं और सांस्कृतिक आधारशिला के रूप में कार्य करते हुए उ-?हें यह आकार देती हैं कि हम दुनिया को किस तरह से देखने के साथ-साथ रचनात्मकता व्यक्त करते हुए कलाकारों एवं दूरदर्शी लोगों की पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। कहानी कहने का यह अंतर्निहित उत?साह एक सशक?त रचनात्मक आकांक्षा के रूप में विकसित हुआ है और अब यह भारत को वैश्विक मीडिया पावरहाउस के रूप में उभरने में भी सहायता कर रहा है। 1 से 4 मई 2025 तक आयोजित होने वाला प्रथम विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) भारत को वैश्विक रचनात्मकता के केंद्र में रखता है। माननीय प्रधानमंत्री नरे-?द्र मोदी जी के नेतृत्व में संकल्पित, वेव्स एक परिवर्तनकारी आंदोलन है और यह मीडिया तथा मनोरंजन (एमएंडई) परिदृश्य को फिर से परिभाषित करेगा। भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग 2.7 ट्रिलियन रुपये के करीब पहुंच चुका है, ऐसे में वे०?स 2025 रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमिता में अग्रणी होने के हमारे संकल?प का संकेत देता है। भारत का विषय निर्माण परिदृश्य अब पारंपरिक मीडिया से एक संपन्न डिजिटल-प्रथम इकोसिस?टम में परिवर्तित हो चुका है। इसके साथ-साथ अब यह स्ट्रीमिंग सेवाओं, सोशल मीडिया और उभरती प्रौद्योगिकियों के माध्यम से वैश्विक संपर्क का भी विस्तार कर रहा है। भारत में विदेशी फिल्म निर्माण के लिए प्रोत्साहन, सह-निर्माण समझौते और फिल्म सुविधा कार्यालय (एफएफओ) जैसी सरकारी पहल वैश्विक रचनाकारों के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करती है।

### मीडिया और मनोरंजन का बदलता परिदृश्य

वेव्स 2025 भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए एक नए युग के शुभारंभ का प्रतिनिधित्व करता है। दुनिया भर के अभिनवकर्ताओं, नीति निर्माताओं, कलाकारों और उद्योग जगत प्रमुखों को एक साथ लाकर, शिखर सम्मेलन सहयोग के वातावरण को बढ़ावा देता है। इसके साथ-साथ यह मनोरंजन के निर्माण, वितरण और अनुभव को एक नया रूप देगा। इस परिवर्तन के केंद्र में वेवैक?स 2025 और वे०?स बाज़ार जैसी पहल हैं। वेवैक?स 2025 गेमिंग, एनिमेशन, एक्सटेंडेड रियलिटी (एक?सआर), जनरेटिव एआई और नेक्स्ट-जेन कंटेंट प्लेटफ़ॉर्म जैसी उभरती हुई तकनीकों में कार्य करने वाले स्टार्टअप को सशक्त बनाता है। यह पहल स्टार्टअप के लिए अपने विचारों को प्रदर्शित करने, मेंटरशिप हासिल करने और उद्यम पूंजीदाता और सेलिब्रिटी एंजेल निवेशकों के साथ वार्तालाप के माध्यम से सुरक्षित वित?त पोषण के लिए एक आधार तैयार करती है। दूसरी ओर, वे०?स बाजार एक गतिशील ई-मार्केटप्लेस के रूप में कार्य करता है जिसे रचनाकारों, खरीदारों और विक्रेताओं को जोड़ने के लिए तैयार किया गया है। 5,500 से अधिक खरीदारों, 2,000 विक्रेताओं और फिल्म, टेलीविज़न, गेमिंग, विज्ञापन के अलावा 1,000 पंजीकृत परियोजनाओं के साथ यह बाज़ार सहज सहयोग और अवसर खोज के लिए एक स?थल है। एआई-संचालित मैचमेकिंग यह सुनिश्चित करती है कि परियोजना और पेशेवरों को सही कनेक्शन, नवाचार और रचनात्मक अर्थव्यवस्था में विकास को बढ़ावा मिले। ये प्लेटफ़ॉर्म एक कार्यक्रम के संचालन से कहीं अधिक महत?वपूर्ण होने के साथ-साथ एक परिवर्तनकारी इकोसिस?टम हैं जो वे०?स के समापन के बाद भी मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र को प्रभावित करता रहेगा। यह भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में एक और महत?वपूर्ण उपलबिध सिद्ध होगा।

### युवाओं के लिए एक स्वर्णिम मंच

हमारा सबसे बड़े जनसांख्यिकीय लाभ के रूप में भारत के युवा, वे०?स पहल से अत?यंत लाभान्वित होंगे। 29 वर्ष की औसत आयु के साथ, भारत न केवल दुनिया का सबसे युवा देश है बल्कि रचनात्मकता और नवाचार के मामले में सर्वाधिक जीवंत राष?ट्र भी है। वे०?स 2025 युवाओं को अपने दृष्टिकोण में अग्रणी रखने के साथ-साथ कौशल विकास, उद्यमिता और वैश्विक सहयोग के लिए मार्ग भी प्रशस?त करता है। क्रिएट इन इंडिया चैलेंज इस प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। 1,100 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों सहित लगभग 1,00,000 पंजीकरणों के साथ इस चुनौती ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक प्रतिभाओं के एक विविध समूह को आकर्षित किया है। क्रिएटोस्फीयर के हिस्सा के रूप में फाइनल प्रतिभागियों को उद्योग प्रमुखों से जुड़ने, मास्टरक्लास में भागीदारी करने और वैश्विक प्रदर्शन हासिल करने के शानदार अवसर प्राप्त होंगे। इसके अलावा, मुंबई में भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) की स्थापना भारत के युवाओं के भविष्य में एक महत्वपूर्ण निवेश का प्रतीक है। कौशल विकास और नवाचार के लिए उत्कृष्टता के एक वैश्विक केंद्र के रूप में, आईआईसीटी रचनात्मकता और प्रौद्योगिकी के बीच के अंतर को दूर करते हुए यह सुनिश्चित करेगा कि युवा भारतीयों के पास मीडिया और मनोरंजन उद्योग की बढ़ती मांगों को पूरा करने से जुड़ी विशेषज्ञता हासिल हो।

### सतत विकास के लिए वैश्विक सहयोग

शिखर सम्मेलन में वैश्विक मीडिया संवाद भी शामिल होगा, जिसमें वैश्विक प्रमुखों, नीति निर्माताओं, कलाकारों और उद्योग जगत के पेशेवर एकसाथ भागीदारी करेंगे। यह संवाद केवल चर्चाओं के संदर्भ में ही नहीं है अपितु अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, नैतिक कार्य प्रणालियों और नवाचार के लिए रणनीति विकसित करने से जुड़ी कार्यवाही के लिए भी है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और उद्योग हितधारकों के साथ निर्धारित संवाद से प्रभावशाली साझेदारी शुरू होने की आशा है, जिससे आने वाले वर्षों में भारत लाभान्वित होगा।

### विकसित भारत के लिए दृष्टिकोण

वेव्स 2025 केवल एक आयोजन नहीं है, यह विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत?वपूर्ण उपलब्धि है, जो एक विकसित राष्ट्र के तौर पर रचनात्मकता और नवाचार में विश?व का नेतृत्व कर रहा है। विविधता को बढ़ावा देने, प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने और युवाओं को सशक्त बनाने के माध्यम से, वेव्स 2025 भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था के सतत विकास में सक्षम प्रतिभा केंद्र के रूप में स्थापित करता है। वेव्स 2025 रचनात्मक उद्योग की अनंत संभावनाओं का सुदृढ़ीकरण है। यह अपनी उत?कृष?ट प्रतिभा, तकनीकी कौशल और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। यह परंपरा और प्रौद्योगिकी के संगम के माध्यम से वैश्विक रचनात्मक इकोसिस?टम को फिर से परिभाषित करने के भारत के दृष्टिकोण का प्रमाण भी है।

## आलेख

# फर्जी चिकित्सा के दुष्परिणाम साझा किए जाएं

कुमार समीर

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अनियमितताएं किस तरह बेलगाम हो गई हैं, इसका ताजा उदाहरण दमोह के फर्जी डॉक्टर का मामला है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर, किस तरह प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर मध्य प्रदेश के दमोह जिले का यह फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट 'डॉक्टर' एन जॉन कैम सालों से लाचार, परेशान, मुसीबतों के मारे मरीजों का ईलाज कर रहा था? आरोपी 'डाक्टर' का दुस्साहस देखिए कि उसने अपना असली नाम छिपा कर मेडिकल कम्युनिटी में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए विदेशी नाम रखा था। दमोह जिले के मिशन अस्पताल में आरोपी डाक्टर का नाम डॉक्टर एन जॉन कैम दर्ज था जबकि उसका असली नाम नरेंद्र विक्रमादित्य यादव है। पूछताछ में आरोपी ने खुद को अविवाहित बताया है जबकि उसके फर्जी दस्तावेज में पत्नी और बच्चों के फेक नाम लिखे हुए हैं। आरोपी का मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ ऐसे ही बेरोकटोक चलता रहता अगर इसके द्वारा की गई 15 लोगों की हार्ट सर्जरी के दौरान सात लोगों की जान नहीं चली गई होती। इस फर्जी डाक्टर की पहुंच, पहचान कितनी तगड़ी थी, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि 15 लोगों के हार्ट की सर्जरी करने वाले डॉक्टर ने 2006 में एक निजी अस्पताल में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की सर्जरी भी की थी, जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी। इसका दावा उनके बेटे ने किया है। आखिर, इस तरह के लोगों की भनक तक प्रशासन, स्वास्थ्य महकमे को क्यों नहीं लगती। आश्चर्य तो यह है कि ऐसे ज्यादातर मामलों का खुलासा तब होता है जब इनके कारनामे से बड़ा नुकसान हो जाता है। दरअसल, स्वास्थ्य सेवाओं के गोरखधंधे में कई चीजें शामिल हो गई हैं, जैसे कि स्वास्थ्य संबंधी धोखाधड़ी, बैंकिंग धोखाधड़ी, नकली दवाएं और अनियमित पैथोलॉजी लैब्स। स्वास्थ्य संबंधी धोखाधड़ी में ऐसे उत्पादों या सेवाओं का दावा करना शामिल है, जो बीमारियों को ठीक करने या रोकने का वादा करते हैं, लेकिन वे सुरक्षित या प्रभावी नहीं होते। बैंकिंग धोखाधड़ी में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधियों द्वारा धन या सेवाएं प्राप्त करना शामिल है, जैसे कि झूठे दावे प्रस्तुत करना या अधिक बिलिंग करना। नकली दवाएं और अनियमित पैथोलॉजी लैब्स भी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में गोरखधंधे के उदाहरण हैं। फर्जी चिकित्सक नकली दवाओं के साथ-साथ जांच भी फर्जी कर रहे हैं। इसके लिए एक मशीन रख ली है, जिस पर हाथ रख कर ही 55 जांच करने का दावा कर रहे हैं। कई लोगों को इतना बीमार बता दिया जाता है कि वे सदमे में आ जाते हैं। लैब से जांच कराई तो सारी जांच गलत निकलती है। बताते चलें कि क्वांटम रेजोनेंस बॉडी हेल्थ एनालाइजर नामक मशीन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अप्रशिक्षित फर्जी चिकित्सकों द्वारा खूब इस्तेमाल की जा रही है। यह मशीन ऑनलाइन प्लेटफार्म पर मात्र दस से 12 हजार रु पये में मिल रही है। दावा किया जा रहा है कि मशीन में शरीर की 55 जांच महज कुछ मिनटों में हाथ रखने से ही हो जाती है। जांच के नाम पर लोग पैसे तो दे ही रहे हैं, साथ ही अप्रशिक्षित चिकित्सक जांच के आधार पर इलाज तक दे रहे हैं। बिना डिग्री व बिना पंजीकरण वाले डाक्टरों पर अंकुश लगाना सबसे जरूरी है और इसके लिए सबसे पहले बनाना होगा नेशनल मेडिकल पोर्टल। जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। फर्जी डॉक्टरों पर अंकुश लगाने के लिए केवल नियम-कानून बना देने से काम नहीं चलेगा, बल्कि जनता को ऐसे डॉक्टरों के बारे में सचेत भी करना होगा। आम जन को बताया जाना चाहिए नकली डॉक्टर के खिलाफ शिकायत कहां करें? मेडिकल काउंसिल को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बिना डिग्री या रजिस्ट्रेशन वाले फर्जी डॉक्टरों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार को सख्त कानून लागू करने चाहिए। भारत में झोलाछाप डॉक्टर के लिए दी जाने वाली सजा पर फिर से गौर करना चाहिए। गौरतलब है कि झोलाछाप डॉक्टरों को धारा 15(4) धारा 15(2) के उल्लंघन के लिए दंड निर्धारित करती है। भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 की धारा 15(3) में प्रावधान है कि उल्लंघन के परिणामस्वरूप एक वर्ष का कारावास या 1,000 रु पये का जुर्माना होगा।

# कांग्रेस में निष्क्रिय नेताओं की संख्या बहुत बड़ी

अजय तिवारी

कांग्रेस को कसक है कि उसके पूर्व अध्यक्षों महात्मा गांधी और सरदार पटेल का राजनीतिक फायदा भाजपा उठा रही है। गुजरात के अहमदाबाद अधिवेशन के जरिए पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं को यह संदेश भी दिया कि आगे कांग्रेस के इन दोनों नेताओं का फायदा राजनीतिक प्रतिद्विंद्वियों को नहीं उठाने देना है।

अहमदाबाद अधिवेशन का एक मकसद 2027 के गुजरात चुनाव के लिए कांग्रेस को तैयार करना भी था। यही वजह है कि अधिवेशन में गुजरात पर अलग से प्रस्ताव भी लाया गया। प्रस्ताव में गुजरातियों को कुपोषण, नशा, बेरोजगारी से मुक्ति के सपने दिखाए गए हैं। जातिगत जनगणना और पचास प्रतिशत से अधिक आरक्षण देने का भी वादा किया गया है। किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी का वादा है। अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाजरुन खरगे ने स्पष्ट कर दिया कि निष्क्रिय और काम नहीं करने वाले नेताओं को रिटायर किया जाएगा। यह राहुल गांधी की ही लाइन है। पहली गाज जिला अध्यक्षों पर गिरेगी। इसकी शुरुआत गुजरात से की जा रही है। गुजरात में इस काम के लिए 42 केंद्रीय पर्यवेक्षक और 182 प्रदेश पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। राहुल गांधी ने रह कर नये जिला अध्यक्ष बनाने की पूरी प्रक्रिया खुद समझाई।

पार्टी ने महसूस किया है कि जिला और बूथ स्तर पर कमजोरियों की वजह से ही वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को शिकस्त नहीं दे पाती है। अहमदाबाद अधिवेशन का बड़ा मकसद पार्टी को जिला और बूथ स्तर पर मजबूत बनाना ही है। राहुल के शब्दों में पार्टी की नींव मजबूत किए जाने की जरूरत है यानी वह भी मान रहे हैं कि पार्टी की नींव हिल गई है। दरअसल, 300 से ज्यादा जिला अध्यक्षों के साथ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी ने अधिवेशन से पहले चर्चा की थी। उन्हें बताया गया था कि उम्मीदवारों के चयन में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रहेगी लेकिन खराब प्रदर्शन पर उन्हें हटाया भी जाएगा।

संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल खुद कहते हैं कि जिला अध्यक्षों के साथ ऐसी बैठक 20 साल बाद हुई है। अहमदाबाद अधिवेशन इस बात के लिए भी याद रखा जाएगा कि यह काफी व्यवस्थित था। इसमें शामिल होने के लिए पहुंचे नेताओं को आयोजन स्थल पर प्रवेश से लगा कर भोजन और ठहरने में किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई। ऐसी दिक्कतें कांग्रेस के आयोजनों में आम बात होती है क्योंकि वहां प्राय- जवाबदेही का अभाव रहता है। कांग्रेस के दिल्ली, उदयपुर और रायपुर के आयोजन शिकायतों से भरे रहे थे और ये शिकायतें कांग्रेस अध्यक्ष के पास तक भी पहुंची थीं। यहां तक कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में कन्याकुमारी और श्रीनगर में भी इंतजामों की कमी थी।


अहमदाबाद अधिवेशन में दूसरे राज्यों से पहुंचे नेता यह देखकर चकित थे कि भाजपाशासित राज्य में पुलिस का रवैया बेहद सहयोगात्मक था। कार्यसमिति बैठक स्थल सरदार पटेल स्मारक, प्रार्थना सभा स्थल साबरमती आश्रम और अधिवेशन स्थल साबरमती रिबरफ्रंट या विमानतल-रेलवे स्टेशन पर किसी कांग्रेस नेता या पत्रकार को पुलिस ने रोका हो ऐसी घटना सामने नहीं आई। अहमदाबाद में कांग्रेस नेता खरगे-राहुल के सड़क किनारे बड़ी संख्या में होर्डिंग्स लगे देख कर भी बाहर से आए नेताओं को आश्चर्य हुआ कि भाजपा की नगर निगम ने इन्हें आयोजन संपन्न होने तक नहीं हटाया!

दक्षिण की राजनीति को प्रभावित कर रहे परिसीमन का कांग्रेस के प्रस्ताव में जिक्र नहीं होना वहां के नेताओं को अच्छा नहीं लगा। पचास करोड़ श्रमिकों को प्रभावित करने वाले लेबर कोड को भी प्रस्ताव में जगह नहीं देने से श्रमिक वर्ग में अच्छा संदेश नहीं गया है। प्रस्ताव में एमएसपी की कानूनी गारंटी और किसान आंदोलन को दबाए जाने का जिक्र है लेकिन किसानों को खदड़ने वाली पंजाब की आप सरकार की आलोचना नहीं करने से इस चर्चा को बल मिला है कि गुजरात में केजरीवाल से फिर हाथ मिलाया जा सकता है। पंजाब की आप सरकार ने एक साल पुराने किसान आंदोलन को बलपूर्वक कुचल दिया था और किसानों को जेल में डाल दिया था। अधिवेशन में इस पर गंभीरता से चर्चा नहीं हुई, प्रस्ताव में भी सिर्फ जिक्र भर है।

अधिवेशन में नेता और कार्यकर्ता के बीच पैदा हो गई दूरी को कम करने पर भी विचार नहीं किया गया। पार्टी सरकार में नहीं है फिर भी पदाधिकारी और नेताओं का मिलना तो दूर उनके दर्शन तक दुर्लभ हैं। कांग्रेस के नेता ही नहीं प्रवक्ता भी अहंकारी हो गए हैं, यह बात हाई कमान को दिखाई नहीं देती। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे हों या राहुल उनके यहां से अब कार्यकर्ताओं को पत्रों के जवाब नहीं मिलते। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अनुसूचित जाति के कार्यकारी अध्यक्ष ने भूमाफिया के दबाव में पिछले साल आत्महत्या कर ली थी, जब आत्महत्या पूर्व लिखे गए पत्र के आधार पर एफआईआर नहीं हुई तो उनकी बेटी ने मदद के लिए खरगे, राहुल, प्रियंका को पत्र लिखे। इस मामले में उसे डेढ़ महीने बाद भी किसी का जवाब नहीं मिला। इस पत्र में उसने यह भी लिख दिया था कि जब कांग्रेस अनुसूचित जाति के अपने कार्यकर्ता के परिवार को न्याय नहीं दिलाती है तो जय बापू-जय भीम-जय संविधान का नारा कैसे लगाती है! कांग्रेस के सबसे पुराने संगठन सेवादल में असंतोष का विषय भी है, इसे भी हाई कमान नजरंदाज किए हुए है। सेवादल के प्रमुख गुजरात से ही आते हैं,अच्छा होता कि खरगे-राहुल अधिवेशन के दौरान ही इस असंतोष को दूर कर देते।

# अक्षय तृतीया पर गौरैय्या को सुराही का गिफ्ट

विजय मिश्रा 'अमित'



बचपन में शौक था अच्छा आदमी बनने का।मेहनत किया,कोशिश की शौक को छोड़ा नहीं।इसीलिए कामयाबी मिली। बचपन बीत गया बचपन का शौक जीत गया। बचपन में शौक था सदैव परहित, दूसरों की खुशी का भी ध्यान रखूंगा। खासकर मुक प्राणी, पेड़ पौधे,नदी तालाब के प्रति जिम्मेदारी निभाऊंगा। ऐसी जिम्मेदारियों को निभाते हुए बचपन से ही पक्षियों के लिए घोंसला बनाना को शौक बना लिया।मुझे अपनी नानी स्व.उमा देवी चौबे,माता पिता श्री नारायण-गीता मिश्रा से इस हेतु प्रेरणा मिली।

**टूटी सुराही से आया आइडिया**

पक्षियों के लिए घोंसला बनाना उनकी हिफाजत करने का शौक मुझे अक्षय तृतीया के दिन अनायास मिल गया। मेरे नाना शिव कुमार चतुर्वेदी सक्ति रियासत के राजपुरोहित थे।अक्ति अर्थात अक्षय तृतीया के दिन छत्तीसगढ़ में ग्रामीण जन विविध सामग्रियों के साथ ही मिट्टी के घड़े, सुराही का दान देने हमारे घर आते थे।

एक बार अक्ति के दिन मिले सुराही को मैं देख रहा था तो वह मेरे हाथ से छूट गई और उसका मुंह का सिरा टूट गया। इस पर मेरा मुंह रूंवासा,भयभीत हो गया। मुझे लगा जरूर नानी जी डांटेंगी ,लेकिन मेरी नानी ने कहा- सुराही का मुंह टूट गया तो भी यह उपयोगी है। उहोने सुराही को तार के माध्यम से आंगन में उगे अनार के पेड़ पर लटका दिया। मैं रोज सुबह उठता और सुराही को देखता था।एक दिन मैंने देखा की गौरैया मुंह में तिनका ला ला कर सुराही में घुसती थी। कुछ दिनों बाद सुराही के अंदर से चीं चीं की आवाज आई। तब मुझे लगा की सुराही से पक्षियों के लिए घोंसला बनाया जा सकता है।

**कटते बृक्ष घटते जंगल भटकते पक्षी**

घटते जंगल, कटते वृक्षों के कारण पक्षियों को वृक्षों का खोह मिलना बंद होते जा रहा है।खोह में घोसला बनाने वाले पक्षी भटकते फिर रहे हैं।खोह की तलाश में भटकते ऐसे पक्षी पेड़ों मुंडेरों पर लटके सुराहियों में आसानी से घोसला बना लेते हैं और वंश वृद्धि सहज कर लेते हैं।अपनी जिंदगी के 66 वर्ष को पूरे करते हुए मैंने सुराही से सैकड़ों घोंसला बनाकर पेड़ पौधों पर,घरों के मुंडेर पर लटका रखे हैं।घर आने वाले मित्रों, मेहमानों को,जन्मदिन, विवाह



वर्षगांठ पर मिट्टी की सुराही से निर्मित पक्षियों का घोंसला गिफ्ट में देता हूं। इच्छूक लोगों को अपने शौक से जोड़ते हुए,घोसला बनाना सिखाता हूं। मेरे यूट्यूब चैनल पर भी इसे डाल रखा हूं,जिसका लाभ हजारों पक्षी प्रेमियों ने लिया है।

**शौक मेरा अर्थ लाभ कुम्हारों का**

ग्रीष्मकाल पक्षियों का प्रजनन काल होता है। इसी मौसम में कुम्हार भी मिट्टी के घड़े सुराही बनाते हैं, अत: जब मैं उनसे बड़ी संख्या में सुराही खरीदता हूं तो उनको अर्थ लाभ होता है उनके जीविकोपार्जन का सहारा बन जाता है। कुम्हारों से खरीदकर पेड़ों पर लटकाए गए सुराहियों को गौरैया, गिलहरी, तोता,उल्लू,पहाड़ी मैना,नीलकंठ, लवबड्र्स, मधुमक्खी आदि सुरक्षित आवास बना लेते हैं। सुराही से घोंसला बनाने के शौकीन जन मुझसे मोबाईल 9893123310 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**दाल में छौंक, जिंदगी में शौक का अलग मजा**

रंग मंच का कलाकार होने के नाते मुझे 1982 से चंदैनी गोंदा,के निर्माता रामचंद्र देशमुख, सोनहा बिहान के निर्माता महासिंह चंद्राकर और हिंदी रंगमंच में रामहृदय तिवारी जी के संपर्क में आने का मौका मिला। अपने अभिनय के शौक को पूरा करते हुए रंग मंच पर भी मैं पशु पक्षियों के संरक्षण की बात अवश्य करता हूं। प्राय: मुझसे लोग पूछते हैं ऐसे शौक को पूरा करने में आपका कितना पैसा खर्च होता है? तब मेरा एक ही जवाब होता है कि शौक की कीमत और जिद्द के अंजाम नहीं देखे जाते,क्योंकि दाल में जैसे छौंक का वैसे ही जिंदगी में शौक का महत्व है।आपका शौक यदि परहितकारी परोपकारी है तो वह मनोरंजनकारी, स्वास्थ्य- ज्ञानवर्धक होगा। थकायेगा नहीं बल्कि ऊर्जावान बनाए रखेगा। ऐसे बहुउद्देशीय शौक के लिए व्यय हुए रूपए पैसों की गिनती की बात मेरे दिमाग में कभी आती नहीं। जब जैसे जरूरत पड़े मैं खर्च कर देता हूं।

**बच्चों में बोएं परहितैषी शौक का बीज**

बहुत से लोग माचिस के डिब्बे, सिगरेट के डिब्बे, सिक्के ,बोतल जमा करने जैसे अजीब अजीब शौक पाल के रखते हैं। बृहद अर्थों में देखा जाए तो ऐसा शौक अन्य के लिए उतना उपयोगी नहीं है जितना कि रक्तदान,विद्यादान, श्रमदान,जल दान जैसे शौक बहुजन हिताय बहु उपयोगी है। दूसरों को खुश रखना ही हर मनुष्य की सबसे बड़ी हाबी होनी चाहिए ।बहुत से लोग लावारिस लोगों का अंतिम संस्कार, स्ट्रीट डॉग का लालन-पालन, सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त जानवरों और मनुष्य की त्वरित चिकित्सा का शौक पालते हैं। यह अनुकरणीय नमन योग्य है।

## क्या दोष था पर्यटकों का...



हिंदू होना कारण बना मृत्यु का।
मानवता को ताक पर रखा
हथियार विहीन पर जंग छेड़ा
पर्यटन के लिए निकले जन
नहीं जान सके कुटिल मन
कब तक इंतजार करोगे
आखिर कब प्रतिकार करोगे।
परिवार के साथ हंस रहे थे,
अचानक रोक लिया, पूछा,
हिंदू हो या मुसलमान,
हिंदू सुनते ही गोली चला दी
दहशत फैल गई चारों ओर,
कब तक चुप रहोगे,
आखिर कब प्रतिकार करोगे।
आतंकियों की क्रूरता की हद हो गई,
पत्नी के सामने पति की जान ली गई,
कुछ न कर सकी असहाय,
लगातार गोली चल गई
27, पर्यटकों की जिंदगी चली गई
अब कब तक और मौन रहोगे,
आखिर कब प्रतिकार करोगे।
बंटवारा तुमने मांगा
सहज सरलता से तुम्हे सौंपा
तब भी तुमने हिंदुओं पर
किया कितना ज्यादा अत्याचार,
अब और कब तक सहेंगे आखिर कब प्रतिकार करोगे।
आतंकियों को सजा मिले
तब ही मन को चैन मिले,
भविष्य में कभी न कर सके इसी क्रूरता
मौत के घाट उतारो दरिंदो को,
देश को सुरक्षित कर राहत दो।
हिंदुओं को सम्मान दो,
देश का मान बढ़ा दो।
अब माफ नहीं करोगे,
अब प्रतिकार करोगे

स्व रचित : -डॉ प्रभा शुक्ला

## पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए दिनेश मीरानिया को दी गई श्रद्धांजलि, रवि भवन परिसर पूर्णतः बंद रहा



### श्रद्धांजलि सभा में परिवारजन एवं सम्मानित व्यापारीगणों की भावपूर्ण उपस्थिति, सरकार से ठोस मांग

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले में रायपुर के युवा व्यापारी श्री दिनेश मीरानिया (अग्रवाल) सहित अनेक निर्दोष सैलानियों की निर्मम हत्या के विरोध में, रवि भवन व्यापारी संघ, रायपुर के आह्वान पर 28 अप्रैल 2025, सोमवार को दोपहर 1 बजे तक रवि भवन परिसर की समस्त दुकानें एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रखे गए।

व्यापारी बंधुओं ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। दोपहर 1 बजे रवि भवन ऑडिटोरियम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत दिनेश मीरानिया जी के परिवारजन भी उपस्थित रहे। सभा में रायपुर शहर के अनेक सम्मानित व्यापारीगण, वरिष्ठ सामाजिक एवं व्यापारिक संगठन प्रतिनिधि सम्मिलित हुए और सभी ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा में वक्ताओं ने इस भीषण आतंकी घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि अब आतंकवादियों के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही का समय आ गया है।

रवि भवन व्यापारी संघ और समस्त व्यापारी बंधुओं ने भारत सरकार से निम्नलिखित मांगें कीं- हमले में मारे गए सभी निर्दोष नागरिकों को शहीद का दर्जा दिया जाए। मृतकों के परिवारों को पर्याप्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। पीड़ित परिवारों के योग्य सदस्यों को शीघ्रता से शासकीय सेवा (सरकारी नौकरी) प्रदान की जाए। आतंकवाद के खिलाफ सख्त एवं निर्णायक कार्रवाई करते हुए दोषियों को उनके अंजाम तक पहुँचाया जाए।

सभा में सभी ने एक स्वर में कहा कि निर्दोष नागरिकों पर हुए इस नृशंस हमले का बदला लिया जाना अनिवार्य है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

इस अवसर पर दिवंगतों की आत्मा की शांति और परिवारजनों को धैर्य व शक्ति प्रदान करने हेतु सामूहिक प्रार्थना भी की गई। रवि भवन व्यापारी संघ ने सभी व्यापारी बंधुओं के इस स्वस्फूर्त समर्थन और एकजुटता के लिए हृदय से आभार प्रकट किया है।

## मां खारुन गंगा महाआरती : 108 पुरोहितों ने की भव्य आरती, भक्तिमय हुआ महादेव घाट



**रायपुर (विश्व परिवार)।** महादेव घाट स्थित पावन खारुन नदी के तट पर आज एक अद्भुत और अलौकिक दृश्य देखने को मिला। मुख्य पुरोहित आचार्य पंडित धीरेंद्र शास्त्री जी के नेतृत्व में 108 ब्राह्मण पुरोहितों ने एक साथ खड़े होकर मां खारुन गंगा महाआरती का दिव्य आयोजन किया। मंत्रोच्चारण और घंटा-घड़ियालों की ध्वनि से पूरा वातावरण गूंज उठा और इस भव्य आयोजन के साक्षी बनने हजारों श्रद्धालु भक्त महादेव घाट पर उमड़ पड़े।

मां खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति से मिली जानकारी के मुताबिक, प्रतिदिन सायं यहां होने वाली मां खारुन गंगा महाआरती की ख्याति दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। रायपुर शहर ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में इसकी महिमा का प्रचार प्रसार हो रहा है। भक्तों की बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि लोगों में मां खारुन के प्रति श्रद्धा और भक्ति निरंतर गहरी होती जा रही है।

समिति के सदस्यों ने बताया कि महाआरती में भाग लेने वालों की संख्या में प्रतिदिन वृद्धि हो रही है, जिससे महादेव घाट क्षेत्र में एक नया धार्मिक पर्यटन केंद्र बनने की संभावना भी मजबूत हो रही है। इसके चलते घाट के आसपास के छोटे व्यापारियों, फेरीवालों, प्रसाद विक्रेताओं और नाव चालकों के व्यापार में भी सकारात्मक प्रभाव दिखाई देने लगा है। स्थानीय नाविकों ने खुशी जताई है कि अब घाट पर अधिक संख्या में भक्तगण आ रहे हैं, जिससे नाव विहार (बोट राइड) का आनंद लेने वालों की संख्या में भी वृद्धि हुई है।

भक्तों का कहना है कि मां खारुन की महाआरती में शामिल होकर उन्हें अनोखी शांति और ऊर्जा की अनुभूति होती है। ज्योतिपुंज से जगमगाते दीपों की कतार, गूंजते जयकारे और श्रद्धालुओं का उमड़ता सैलाब यह प्रमाणित कर रहा है कि महादेव घाट न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और आर्थिक जागृति का भी नया केंद्र बनता जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि आने वाले समय में मां खारुन गंगा महाआरती को और भी भव्य बनाने के लिए विशेष योजनाएं तैयार की जा रही हैं, जिनमें भजन संध्या, धार्मिक प्रवचन और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन शामिल रहेगा। साथ ही घाट की साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के लिए भी व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

मां खारुन गंगा महाआरती अब केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं रही, बल्कि यह जनभावनाओं और सामूहिक श्रद्धा का एक जीवंत प्रतीक बन चुकी है।

## एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण के लिए महापौर ने अधिकारियों के साथ देखा स्थल



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** संस्कारधानी राजनांदगांव में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं एथलेटिक्स खिलाडियो को खेल मे सुविधा विस्तार के लिये राजनांदगांव शहर में एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण हेतु महापौर श्री मधुसूदन यादव ने आज अधिकारियों के साथ ढाबा में नगर सेना आफिस के पीछे की शासकीय भूमि का निरीक्षण किया।

एथलेटिक्स खेल को बढावा देने एवं संस्कारधानी के खिलाडियो को प्रोत्साहित करने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की पहल पर एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण हेतु महापौर श्री यादव आज सुबह निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एथलेटिक्स संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला सचिव श्री रणविजय प्रताप सिंह सहित निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू, पार्षद श्री रवि सिन्हा व सतीश साहू, पूर्व पार्षद श्री विजय राय तथा नगर निगम व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ ढाबा स्थित नगर सेना आफिस के पीछे शासकीय भूमि का निरीक्षण कर अधिकारियों से चर्चा किये।

महापौर श्री यादव ने बताया कि संस्कारधानी राजनांदगांव का नाम खेल गतिविधयों में देश व प्रदेश में शिखर पर रहा है, यहा के खिलाडी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना जौहर दिखाये है। इसी को ध्यान में रखकर विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में एस्टोट्रर्फ हाकी मैदान तथा स्टेडियम का जीर्णोद्धार कराया वही अब एथलेटिक्स खेल को बढावा देने एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक राजनांदगांव में निर्माण के लिये केन्द्र सरकार के खेलो इंडिया के तहत केन्द्रीय खेल मंत्री माननीय मनसुख मंडविया से चर्चा कर स्वीकृति दिलायी। उक्त ट्रेक निर्माण के लिये आज स्थल चयन हेतु ढाबा में नगर सेना आफिस के पीछे की शासकीय भूमि चयन हेतु अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होने कहा कि एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक बन जाने से हमारे संस्कारधानी के एथलेटिक्स खिलाडी यहा खेल कर परिपक्व होकर प्रदेश एवं देश के प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर स्थान प्राप्त करेंगे।

## 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष का वित्तीय परिणाम

### वित्तीय वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही- वित्तीय परिणाम के मुख्य बिंदु

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कारोबार वृद्धि- बैंक केकुल कारोबार वर्ष-दर-वर्ष 14.12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए दिनांक 31.03.2025 को रु.5,13,527 करोड़ हो गया, जिसमें सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 17.72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए रु.2,19,985 करोड़ तथा कुल जमा वर्ष-दर-वर्ष 11.56 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए रु. 2,93,542 करोड़ हो गया।

**लाभप्रदता एवं प्रतिफल-** दिनांक 31.03.2025 को समाप्त तिमाही के लिए निवल लाभ रु.652 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह रु.526 करोड़ था, जिसमें वर्ष- दर- वर्ष 23.98 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।दिनांक 31.03.2025को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन लाभ रु.1699 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह रु.1273 करोड़ था, जिसमें वर्ष- दर- वर्ष आधार पर 33.48 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

**रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्रों में अग्रिम-** बैंक के आरएएम संविभाग में वर्ष-दर-वर्ष 25.74 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए रु.1,22,613 करोड़ हो गया, जिसमें रिटेल अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 35.09 प्रतिशत वृद्धि, कृषि अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 20.02 प्रतिशत वृद्धि तथा एमएसएमई अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 18.55 प्रतिशत वृद्धि शामिल है।

**एनपीए में कमी-** सकल एनपीए दिनांक 31.03.2025 को वर्ष-दर-वर्ष 77 बीपीएस घटकर 2.69 प्रतिशत हो गया, जबकि निवल एनपीए दिनांक 31.03.2025 को वर्ष-दर-वर्ष 39 बीपीएस घटकर 0.50 प्रतिशत हो गया।

**पूंजी पर्याप्तता अनुपात-** पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) दिनांक 31.03.2025 को 18.49 प्रतिशत रहा, जिसमें टियर ढ्ढ पूंजी अनुपात 16.37 प्रतिशत है। दिनांक 31.03.2025 तक की स्थिति के अनुसार ऋण-जमा अनुपात 74.94 प्रतिशत रहा।

**कारोबार की मुख्य विशेषताएं-** कुल कारोबार दिनांक 31.03.2024 के रु.4,50,007 करोड़ से वर्ष-दर-वर्ष 14.12 प्रतिशत बढ़कर दिनांक 31.03.2025 को रु.5,13,527 करोड़ हो गया। कुल जमाराशि दिनांक 31.03.2024 के रु.2,63,130 करोड़ से वर्ष-दर-वर्ष 11.56 प्रतिशत बढ़कर 31.03.2025 को रु.2,93,542 करोड़ हो गई। सकल अग्रिम दिनांक 31.03.2024 के



रु.1,86,877 करोड़ से वर्ष-दर-वर्ष 17.72 प्रतिशत बढ़कर दिनांक 31.03.2025 को रु.2,19,985 करोड़ हो गई। आरएएम (रिटेल, कृषि और एमएसएमई) कारोबार दिनांक 31.03.2024 के रु.97,516 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 25.74 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 31.03.2025 को रु.1,22,613 करोड़ रहा। रिटेल अग्रिम दिनांक 31.03.2024 के रु.40,161 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 35.09 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए दिनांक 31.03.2025 को रु.54,255 करोड़ रहा, जिसमें आवास ऋण और वाहन ऋण पोर्टफोलियो का योगदान रहा, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर क्रमशः 18.13 प्रतिशत और 58.99 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कृषि अग्रिम दिनांक 31.03.2024 के रु.24,641 करोड़ में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 20.02 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए दिनांक 31.03.2025 को रु.29,575 करोड़ रहा। एमएसएमई क्षेत्र काअग्रिम दिनांक 31.03.2024 के रु.32,714 करोड़ में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 18.55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए दिनांक 31.03.2025 को रु.38,783 करोड़ रहा। प्रति कर्मचारी कारोबार 31.03.2025 को बढ़कर 24.35 करोड़ रुपए हो गया, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 20.93 करोड़ रुपए था। परिचालन लाभ दिनांक 31.03.2025 को समाप्त तिमाही के लिए रु.1,699 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की इसी समान अवधि के लिए रु.1,273 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 33.48 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए परिचालन लाभ 31.92 प्रतिशत बढ़कर रु.6,037 करोड़ हो गया है, जबकि मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए यह रु.4,576 करोड़ था। 31.03.2025 को समाप्त तिमाही के लिए निवल लाभ रु. 652 करोड़ रहा, जबकि पिछले वर्ष की इसी समान अवधि में यह रु.526 करोड़ था, जिसमें वर्ष दर वर्ष 23.98 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए निवल लाभ रु.2,445 करोड़ रुपये रहा, जो मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के रु.1,654 करोड़ की तुलना में 47.80 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है।

31.03.2025 को समाप्त तिमाही के लिए निवल ब्याज आय (एनआईआई) रु.2,698 करोड़ रही, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 2,187 करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 23.35 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए, निवल ब्याज आय (एनआईआई) वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 18.88 प्रतिशत बढ़कर रु.9,630 करोड़ हो गई, जबकि मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए यह रु.8,101 करोड़ थी। मार्च,2024 को समाप्त वर्ष के लिए एनआईएम 2.92 प्रतिशत की तुलना में मार्च,2025 को समाप्त वर्ष के लिए 3.08 प्रतिशत रहा। प्रति शेयर आय 31.03.2024 के 1.38 रुपये की तुलना में 31.03.2025 को सुधरकर 2.04 रुपये हो गई।

**आस्ति गुणवत्ता-** सकल एनपीए 31.03.2024 के 3.46 प्रतिशत की तुलना में 31.03.2025 को सुधरकर 2.69 प्रतिशत हो गया है, जिसमें वर्ष- दर-वर्ष आधार पर 77 बीपीएस का सुधार दर्ज हुआ है। निवल एनपीए 31.03.2024 के 0.89 प्रतिशत की तुलना में 31.03.2025 को सुधरकर 0.50 प्रतिशत हो गया है, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 39 बीपीएस का सुधार दर्ज हुआ है। 31.03.2025 तक प्रावधान कवरेज अनुपात 96.69 प्रतिशत रहा।

**लाभांश-** वर्ष 2024-25 के लिए 3.90 प्रतिशत (अर्थात प्रति इक्विटी शेयर 39 पैसे) की दर से लाभांश प्रस्तावित है।

**शाखा नेटवर्क-** बैंक के पास दिनांक 31.03.2025 तक 3302 घरेलू शाखाओं और हांगकांग एवं सिंगापुर केंद्र में 2 विदेशी शाखाएँ तथा ईरान में 1 प्रतिनिधि कार्यालय का नेटवर्क है। कुल शाखाओं में से, बैंक की 2031 (61 प्रतिशत) शाखाएँ ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हैं। बैंक के पास दिनांक 31.03.2025 तक 2522 एटीएम और 10653 बीसी प्वाइंट हैं, जिससे कुल 16480 टच प्वाइंट हो गए हैं।

## राजस्व विभाग समीक्षा बैठक, 50 करोड़ वसूली का लक्ष्य



### महापौर श्रीमती बाघमार ने राजस्व टीम अमले को दी अग्रिम शुभकामनाएं

### महापौर ने निजी हॉस्पिटलों, कॉलेज, स्कूलों में फायर सेप्टी की जांच करने के निदेश

**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा राजस्व विभाग प्रभारी चंद्रशेखर चन्द्राकर के साथ बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कहा कि, वसूली में गति लाने टीम बनाकर बड़े बकायादारों के पास डोर टू डोर संपर्क करे। व्यवसायिक एवं बड़ी संस्थानों में जाकर वसूली करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में निगम द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया है। सोमवार को डाटा सेंटर सभागार में आयोजित राजस्व वसूली से संबंधित समीक्षा बैठक में महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि अधिकारी 1 मई से सभी रुकावटों को दूर करते हुए लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहें। निगम राजस्व वसूलने के लिए लगातार निगरानी कर रही है।

इस स्थिति में राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा। महापौर द्वारा राजस्व टीम की तारीफ करते हुए कहा कि पूर्व में राजस्व करों की वसूली के लिए अभियान चलाया है. बड़ा असर निगम के राजस्व वसूली में देखने को मिला.क्योंकि बात यदि पिछले दो सालों की करें तो इस बार संपत्ति कर की ज्यादा वसूली हुई है।

राजस्व अधिकारी आरके बोरकर और बाजार अधिकारी शुभम गोइर ने बताया की राजस्व वसूली 50 करोड़ का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी नगर निगम राजस्व की फौज उतरेगी,अभियान चलाकर शत प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा करेगी।जिसके महापौर श्रीमती अलका बाघमार व प्रभारी शेखर चन्द्राकर ने पूरे राजस्व टीम को अग्रिम बधाई देते हुए कहा आप लोगो की मेहनत से 50 करोड़ का लक्ष्य पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के दुकान संचालित करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करें। महापौर ने टैक्स वाली के समय किसी भी की न सुने बड़े बकायेदारों से कड़ाई कर करों की वसूली के निर्देश दिए।

## पत्रकार कालोनी में मूलभूत सुविधा रोड, नाली, निर्माण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

### स्वागत द्वार एवं पाईप लाईन विस्तार के लिये प्रस्ताव तैयार करने अधिकारियों को दिए निर्देश



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** डोंगरगांव रोड में शासन स्वीकृति अनुसार राजनांदगांव प्रेस क्लब हाउसिंग सोसायटी कालोनी निर्माण किया जा रहा है, जहाँ नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधाओं के तहत सीमेंट रोड, आर.सी.सी. नाली निर्माण एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसका आज महापौर श्री मधुसूदन यादव ने प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री सचिन अग्रहरि एवं पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाकर जल्द पूर्ण करने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए।

उल्लेखनीय है कि प्रेस क्लब के पदाधिकारियों की मांग पर शासन द्वारा राजनांदगांव के पत्रकारों के लिये बसंतपुर डोंगरगांव रोड में आवासीय भूमि का आबंटन किया था, जहाँ आबंटित पत्रकारों द्वारा आवास का निर्माण किया जावेगा। पत्रकार कालोनी में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी एवं रोड नाली निर्माण के लिये शासन से पूर्व में प्रदत्त राशि से नगर निगम द्वारा सीमेन्ट कांक्रिटिंग रोड व नाली निर्माण किया गया तथा विद्युत मण्डल के माध्यम से विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर व विद्युत तार लगाया गया और अब फेस-टू के लिए प्रदत्त राशि से बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पी.सी.सी. रोड व आर.सी.सी. नाली का निर्माण कराया जा रहा है जिसका आज महापौर श्री यादव, प्रेस क्लब के पदाधिकारियों तथा तकनीकि अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर निर्माण कार्य के संबंध में चर्चा की।

प्रेस क्लब फेस-टू में निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने जानकारी दी कि, आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, रोड निर्माण कार्य प्रगति पर है और बाउण्ड्रीवाल में पेन्टींग कार्य अंतिम चरण में है। महापौर श्री यादव ने कहा कि, निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय सीमा मे कार्य पूर्ण किया जाए, वर्तमान में गर्मी को देखते हुए पर्याप्त पानी तराई किया जाए। उन्होंने प्रेस क्लब के पदाधिकारियों की मांग पर पाईप लाईन विस्तार एवं स्वागत द्वार निर्माण के लिये प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये तथा पत्रकार कालोनी में पत्रकारो द्वारा आवास निर्माण हेतु भवन अनुज्ञा के संबंध में भी चर्चा किये। उन्होंने कहा कि प्रेस कालोनी मे मूलभूत सुविधा के तहत निगम द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्य प्रेस क्लब के पदाधिकारियो की मंशानुरूप होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान प्रेस क्लब के पदाधिकारी सर्वश्री मिथलेश देवांगन, जितेन्द्र मिश्रा, जितेन्द्र सिंह जीतू, कमलेश सिमनकर, मोहन कुलदीप, बसंत शर्मा, मीरा साहू सहित कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, प्र. सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उपअभियंता सुश्री आयुषी सिंह सहित निगम का अमला उपस्थित था।

## 14 इनामी समेत 24 माओवादियों ने छोड़ा लाल आतंक का साथ



**बीजापुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान को बड़ी सफलता मिली है। पूर्वी बस्तर डिवीजन की परतापुर एरिया कमेटी और पश्चिम बस्तर डिवीजन की भैरमगढ़ एरिया कमेटी से जुड़े कुल 24 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से 14 माओवादी 28.50 लाख रुपए के कुल इनामी थे। आत्मसमर्पण करने वालों में एरिया कमेटी के एसीएम, पार्टी सदस्य, एओबी डिवीजन के पीएलजीए सदस्य, माड़ डिवीजन प्लाटून के सदस्य, केएएमएस अध्यक्ष, जनताना सरकार के शिक्षक और विभिन्न मिलिशिया कंपनियों के डिप्टी कमांडर शामिल हैं। यह महत्वपूर्ण कार्रवाई डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ, कोबरा और केरिपु बल के संयुक्त अभियान और छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति के प्रभाव के चलते संभव हो सकी है।

प्रमुख अधिकारी रहे मौजूद

पुलिस उप महानिरीक्षक केरिपु बीजापुर देवेंद्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेंद्र कुमार यादव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति के तहत 50-50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि के चेक भी प्रदान किए गए।

प्रमुख आत्मसमर्पित माओवादी

इस सूची में 5 लाख के इनामी सुदरू हेमला उर्फ राजेश और कमली मोड़ियम उर्फ उर्मिला, 3 लाख के इनामी जयमोती पूनेम सहित अन्य प्रमुख नाम शामिल हैं। कई आत्मसमर्पित माओवादी 15 से 20 वर्षों से संगठन से जुड़े थे और विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत रहे थे। आत्मसमर्पण का प्रमुख कारण संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद, आदिवासी समाज पर अत्याचार, विचारधारा से मोहभंग, और सरकार द्वारा अंदरूनी क्षेत्रों में चलाई जा रही विकास योजनाएं रही हैं। 'नियद नेल्ला नार' योजना और पुनर्वास नीति ने भी माओवादियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया।

### पुलिस अधीक्षक ने की अपील

बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने नक्सलियों से पुनः अपील की है कि, वे छत्तीसगढ़ सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ उठाकर समाज की मुख्यधारा में लौटें और सामान्य जीवन व्यतीत करें। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों ने पहले ही कई माओवादियों को नई राह दिखाई है और शेष बचे माओवादियों को भी आगे आकर आत्मसमर्पण करना चाहिए। अधिकारियों के अनुसार, नक्सल संगठन को हुए बड़े नुकसान के चलते भविष्य में और भी अधिक आत्मसमर्पण की संभावना जताई जा रही है। नक्सलमुक्त बस्तर का सपना अब धीरे-धीरे साकार होता दिख रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### परीक्षा में लापरवाही पर तीन व्याख्याताओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** लोक शिक्षण संचालनालय ने गरियाबंद जिले के शासकीय विद्यालयों में पदस्थ तीन व्याख्याताओं को परीक्षा संचालन में गंभीर लापरवाही के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा संचालित हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 के अंतर्गत, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहरसी (केन्द्र कोड 2208) में 12वीं कक्षा की गृहविज्ञान विषय की परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र वितरण में गंभीर त्रुटि हुई। केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्ष द्वारा बिना मिलान किए कक्षा 10वीं के गृहविज्ञान विषय के प्रश्न पत्रों का वितरण कर दिया गया। त्रुटि का पता चलने पर प्रश्न पत्र वापस लेकर सही प्रश्न पत्र वितरित किए गए और परीक्षार्थियों को अतिरिक्त समय भी प्रदान किया गया। इस मामले में केन्द्राध्यक्ष नारायण सिंह चन्द्राकर, सहायक केन्द्राध्यक्ष तुलसी राम यादव एवं जिला प्रतिनिधि आब्जर्वर नीतू शाह प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए। आदेश के अनुसार, इनका कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 का उल्लंघन और गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है। लोक शिक्षण संचालनालय ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के अंतर्गत इन तीनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, गरियाबंद कार्यालय नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

### कबाड़ चोरी के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले की कटघोरा पुलिस ने अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कबाड़ चोरी करने के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एसईसीएल बगदेवा परियोजना में बीएसएनएल टॉवर व अन्य कीमती सामान पर कबाड़ियो ने हाँथ साफ किया था। पुलिस ने आरोपियों से लगभग 10 क्विंटल कबाड़ जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन पर जिले में अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में कटघोरा थाना क्षेत्र में बड़ी सफलता हाथ लगी है।प्रार्थी शांति नगर बाकीमोंगरा निवासी दिलीप कुमार सूर्यवंशी (49 वर्ष) ने थाना कटघोरा में शिकायत दर्ज कराई थी कि एसईसीएल बगदेवा परियोजना में स्थापित बीएसएनएल टावर और वर्कशॉप से कीमती सामान चोरी हो गया है। शिकायत के आधार पर थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने विशेष टीम गठित कर त्वरित जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी के मामले में तीन आरोपी विकास टंडन, रामसाय, और विजय मंझवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया, जिसमें बीएसएनएल टावर में लगे लोहे के एंगल, वर्कशॉप से चोरी किए गए रॉड, प्लेट, नट-बोल्ट सहित अन्य लोहे का सामान शामिल है।

### पहलगांव में शहीद हुए सभी मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**सुरजपुर(विश्व परिवार)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के शाहिद हुए सभी मृतकों के लिए पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम के मार्गदर्शन में एवं सूरजपुर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष आकाश साहू के निर्देशानुसार एनएसयूआई प्रतापपुर जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा दिवंगतजनो की आत्मा की शांति के लिए पुराना बस स्टैंड कॉलेज चौक के पास दो मिनट का मौन धारण किया गया एवं मृतकों की श्रद्धांजलि के लिए कैण्डल मार्च का भी आयोजन किया गया और आतंकवादी कि इस कायरतापूर्ण करतूत की घोर निंदा करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ प्रेम साय सिंह टेकाम के द्वारा और सभी छात्रों ने मीलकर इस दर्दनाक घटना के लिए नराजगी भी जताई गई और कहा गया कि आतंकवादियों की इस घिनौनी हरकत की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है इस घटना से पूरे नगर में काफी आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

### अवैध मादक द्रव्य पदार्थ की बिक्री पर आबकारी विभाग ने की कार्यवाही

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित होटल ढाबों में अवैध मादक द्रव्य पदार्थ की बिक्री के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इसी कड़ी में कोरबा-कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित होटल में अवैध मादक द्रव्य पदार्थ की बिक्री करना पाए जाने पर आबकारी विभाग ने सख्त कार्यवाही करते हुए होटल मालिक को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा।

# कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की समीक्षा की



**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं क्रेडा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने घरेलू नल कनेक्शन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा जहां कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें शीघ्र आरंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हर घर जल सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया में तेजी लाने पर भी जोर दिया। योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। समीक्षा के दौरान जल प्रबंधन में सामुदायिक सहभागिता से हो रहे कार्यों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने सौर सुजला योजना की प्रगति और सोलर पंप स्थापना की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने जिले के ऐसे आश्रम, अस्पताल और शासकीय भवनों में, जहां सोलर पावर प्लांट स्थापित हैं, उनकी कार्यशील स्थिति की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि बिजली या लो-वोल्टेज की समस्या वाले क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के उपयोग से कार्यों को पूरा किया जाए। विभाग के अधिकारी ने सौर सुजला योजना के बारे में बताया कि लक्ष्यानुसार हितग्राहियों का चयन पूर्ण हो चुका है और स्थापना कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही सोलर ड्यूल पंप, हाई मास्ट लाइट तथा अन्य विभागीय योजनाओं की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी बोर खुला न रहे, यह सुनिश्चित करें। बोर खनन के उपरांत आवश्यकतानुसार उन्हें बंद करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं क्रेडा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## गरियाबंद के भाई-बहन का कमालः इडली-डोसा स्टार्टअप से पहले दिन कमाए 350 रुपये

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** गर्मी की छुट्टियों में जहां बच्चे मस्ती में लगे हैं, वहीं गरियाबंद के वाकपल्ली योगनी (17) और महेश (15) ने मेहनत की मिसाल पेश की है। दोनों भाई-बहन ने ओरिजनल साउथ इंडिया का ओरिजनल टेस्ट नाम से इडली-डोसा की रेहड़ी शुरू की और पहले ही दिन 1500 रुपये की बिक्री और 350 रुपये मुनाफा कमाया।

**कैसे शुरू किया स्टार्टअप ?-** दक्षिण भारतीय मूल के योगनी और महेश के परिवार के पास मां के शानदार खाने का हुनर था। बच्चों ने सोचा क्यों न इसी स्वाद से परिवार की आर्थिक मदद की जाए। माता-पिता के सहयोग से उन्होंने एक छोटा ठेला और जरूरी सामान जुटाया।

**हर दिन मेहनत, हर दिन सफलता-** रोज सुबह 3 बजे से तैयारी शुरू होती है। योगनी और महेश ठेले को 1 किलोमीटर धक्का देकर शारदा चौक से आत्मानंद स्कूल के पास पहुंचाते हैं। महज 3 घंटे में सारा माल बिक जाता है।




**स्टार्टअप की खासियत-** मां के पारंपरिक स्वाद वाली इडली-डोसा और चटनी।

बच्चों का समर्पण और परिवार के लिए जुनून।

उच्च शिक्षा के सपने के लिए फंड जुटाना।

**शहर में बना चर्चा का विषय-** स्थानीय लोग बच्चों के स्वाद और मेहनत की खूब तारीफ कर रहे हैं। ग्राहक कहते हैं कि गरियाबंद में ऐसा सच्चा दक्षिण भारतीय स्वाद मिलना अनोखा अनुभव है।

**आगे का सपना-** योगनी और महेश अपने स्टार्टअप को बड़ा करना चाहते हैं और पढ़ाई में भी आगे बढ़ने का सपना देख रहे हैं। उनकी कहानी आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा है कि छोटी उम्र में भी मेहनत और लगन से बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

## विधायक विनायक गोयल ने शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना, क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि हेतु की प्रार्थना

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** आज ग्राम पंचायत मिचनार मगर पखना स्थित प्राचीन शिव मंदिर में विधायक श्री विनायक गोयल जी ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की। धार्मिक वातावरण में सम्पन्न इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर राजस्थान से पधारे पूज्य आचार्य विनायक शर्मा जी का विधायक श्री गोयल ने साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। धर्मसभा कार्यक्रम में उपस्थित रहकर उन्होंने आचार्य जी के अमृतमयी प्रवचनों को श्रवण किया और कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सद्भावना का संचार होता है।



विधायक श्री गोयल ने यह भी कहा कि क्षेत्र में धार्मिक स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए वे सतत प्रयासरत हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी हमारी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रह सकें।

## स्वास्थ्य सचिव श्री अमित कटारिया ने कटघोरा स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य सचिव श्री अमित कटारिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा का निरीक्षण कर केंद्र में मरीजो को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, प्रसूती वार्ड, प्रयोगशाला, एक्सरेकक्ष, टीकाकरण कक्ष, फर्मेसी, स्टोर, ऑपरेशन थिऐटर, धन्वन्तरी जेनेरिक दवा दुकानोंसहित पूरे परिसर का अवलोकन कर संधारित रिकार्ड के संबंध में जानकारी लिए। श्री कटारिया द्वारा भर्ती मरीजों से अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली गई। उन्होने चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देतेहुए मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार एवं बेहतर देखभाल करने का निर्देश दिया।सचिव श्री कटारिया स्वास्थ्य द्वारा चिकित्सालयों में नेक्स्टजेन ई हॉस्पिटल को सुचारू रूप से सचालित करने के निर्देश दिए गए गया एवं कोरबा जिले में डीएमएफ से विशेषज्ञ चिकित्सक, दंत चिकित्सक, स्टाफ नर्स, लैबटैक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन तथा चतुर्थ श्रेणी जैसे मानव संसाधन की नियुक्तिएवं अन्य विकास कार्यों के प्रति सराहना व्यक्त की।इस दौरान संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें रायपुर के संयुक्त संचालक डॉ. एस. के. पामभोई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार - देवभोग पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** देवभोग पुलिस ने 27 अप्रैल 2025 को बड़ी सफलता हासिल करते हुए 17 किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी देवभोग ने अपने क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए उड़िसा बॉर्डर पर स्थित चेकपोस्ट में संदिग्ध वाहनों की सघन जांच के आदेश दिए थे। इसी क्रम में खुटगांव नाका चेकपोस्ट पर रोजाना की तरह चेकिंग के दौरान एक लाल रंग की हीरो कंपनी की मोटरसाइकिल (क्रमांक ष्टत्र 23 ह 2083) को रोका गया, जो धरमगढ़ (उड़ीसा) से देवभोग (छत्तीसगढ़) की ओर आ रही थी। मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों से




पूछताछ के दौरान उनके व्यवहार पर संदेह होने पर उनकी तलाशी ली गई। तलाशी में एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी बरामद हुई, जिसमें से मादक पदार्थ गांजा की गंध आ रही थी। मोटरसाइकिल की डिक्की की जांच करने पर भी एक और बोरी मिली, जिसमें गांजा रखा था।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 17 किलोग्राम गांजा (कीमत लगभग ?1,70,000) और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (कीमत ?30,000) को बरामद कर जब्त कर लिया। कुल जब्ती का मूल्य करीब ?2 लाख आंका गया है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। विवेचना उपरांत दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

गिरफ्तार आरोपीगण: 1. कमलेश पात्र पिता विद्याधर पात्र, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम डूमरबहाल, थाना देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.) 2. नुरर्प लाल नागेश पिता पदुसिंह नागेश, उम्र 27 वर्ष, निवासी कोसमकानी, थाना देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

# कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर इंद्रावती बचाओ अभियान करेगी: सुशील मौर्य

**छ.ग.पीसीसी चीफदीपक बैज जी के निर्देश में बस्तर संभाग सहित प्रदेश कांग्रेस के नेतागण व कार्यकर्ता भी इंद्रावती बचाओ अभियान में होंगे शामिल...**

**विभिन्न सामाजिक संगठन, व्यापारीगण सहित अन्य राजनीतिक दल व शहरवासी को भी इस अभियान का बनना चाहिए हिस्सा .....**

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** आज भाजपा की डबल इंजन सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते बस्तर का लोकतांत्रिक अधिकार खतरे में व बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी सूखने के कगार पर है.जिसको लेकर आगामी 28 अप्रैल से कांग्रेस बस्तर के प्रभावित किसानों के साथ मिलकर इंद्रावती को बचाने हेतु बड़ी लड़ाई लड़ने को तैयार है..छत्तीसगढ़ पीसीसी चीफ दीपक बैज जी के निर्देश पर बस्तर संभाग सहित प्रदेश कांग्रेस के नेतागण व कार्यकर्ता भी चित्रकोट के लोहंडीगुड़ा से लेकर जगदलपुर तक का विशाल पदयात्रा कर इंद्रावती के अस्तित्व को बचाने,किसानों के हुए फसल नुकसान हेतु मुआवजे,बस्तर में बढ़ते भीषण जलसंकट सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगो को लेकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर इस निरंकुश,जनविरोधी, पर्यावरण



विरोधी, किसान विरोधी और कुंभकर्णीय नींद में सोई भाजपा सरकार को जगाने का कार्य करेगी...उक्त बातें बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही है .....

शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा भाजपा सरकार बस्तर की सुंदरता के साथ खिलवाड़ बस्तर के जल जंगल जमीन के साथ खिलवाड़ कर रही है..बस्तर के लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने व उनके अधिकार के साथ बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी को बचाने समस्त सामाजिक संगठन, किसान, व्यापारीगण सहित अन्य राजनीतिक दल व शहरवासी को भी इस विशाल पदयात्रा अभियान का हिस्सा बनना चाहिए ...

पिछले कई दिनों से इंद्रावती से सटे प्रभावित किसान इंद्रावती नदी में पानी की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं, फिर भी किसानों की मांग को अनसुना किया जा रहा है,जल संसाधन मंत्री बस्तर से है,भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बस्तर से हैं जो कि स्वयं जगदलपुर के विधायक हैं वर्तमान स्थिति में चार एनीकेट पूरी तरह से सूख चुके हैं, मटनार बैराज और देउरगांव बैराज को प्रशासनिक स्वीकृति ये सरकार नहीं दे रही है और ना ही ओडिशा सरकार पर खातिगुड़ा डैम से पानी छोड़ने दबाव बनाया जा रहा है..इन सभी मुद्दों को लेकर कांग्रेस बस्तर में सिंचाई सुविधाओं में विस्तार,इंद्रावती नदी में प्रस्तावित मटनार, देहरगांव, नगरनार बैराज पर जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करने,किसानों को फसल नुकसान का सर्वेक्षण कर मुआवजे जैसे आदि महत्वपूर्ण मांगों को लेकर प्रभावित किसानो के साथ मिलकर 28 से 29 अप्रैल तक का विशाल पदयात्रा व 30 अप्रैल को कलेक्ट्रेट घेराव कर बड़ी लड़ाई लड़ेगी और इस निरंकुश व कुंभकर्णीय नींद में सोई भाजपा सरकार को जगाने का कार्य करेगी...

## व्यापार समाचार

# कॉरपोरेट्स ने 38 सौदों के जरिए भारत में 10 .8 मिलियन वर्ग फुट ऑफिस स्पेस के लिए प्रतिबद्धता जताई!

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट्स ने अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक छह महीने की अवधि के दौरान लगभग 10.8 मिलियन वर्ग फीट के कुल क्षेत्र को कवर करते हुए करीब 38 ऑफिस स्पेस डील के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। एनारॉक की रिपोर्ट के अनुसार, ये सौदे बेंगलुरु, मुंबई और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की कंपनियों से प्री-कमिटेड हैं। एनारॉक ग्रुप में कमर्शियल लीजिंग एंड एडवाइजरी के प्रबंध निदेशक पीयूष जैन ने कहा, भारतीय और वैश्विक बहुराष्ट्रीय कंपनियों, दोनों की बढ़ती मांग के साथ-साथ एडवांस टेक इंफ्रास्ट्रक्चर और ईएसजी अनुपालन जैसी वर्कप्लेस की बदलती जरूरतों ने प्री-कमिटेड एक्टिविटी को बढ़ावा दिया है। वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) की बढ़ती संख्या से भी मांग में वृद्धि होने की उम्मीद है, क्योंकि कंपनियां बड़े, उच्च-गुणवत्ता वाले वर्कप्लेस की तलाश कर रही हैं, जो उनके विशिष्ट पहचान को बनाए रखने में काम आ सकते हैं। 53 प्रतिशत भागीदारी के साथ बेंगलुरु में लगभग 5.7 मिलियन वर्ग फीट प्री-कमिटेड स्थान हैं। इसके बाद 29 प्रतिशत भागीदारी के साथ मुंबई में 3.1 मिलियन वर्ग फीट और 19 प्रतिशत भागीदारी के साथ एनसीआर में 2 मिलियन वर्ग फीट हैं। तीनों शहर बीएफएसआई और को-वर्किंग सेक्टर्स में बड़ी संख्या में घरेलू कंपनियों और बहुराष्ट्रीय निगमों (एमएनसी) के घर हैं। पिछले दो वर्षों में क्वालिटी ग्रेड ए-प्लस ऑफिस स्पेस की उपलब्धता कम होने के कारण, कई कंपनियों ने प्री-कमिटमेंट सौदों के माध्यम से फ्यूचर ऑफिस को सुरक्षित करने का विकल्प चुना है। किसी प्रोजेक्ट के निर्माणाधीन चरण के दौरान हस्ताक्षरित समझौते कंपनियों को प्रमुख स्थान सुरक्षित करने, बेहतर लीज की शर्तों पर बातचीत करने और भविष्य में किराए में बढ़ोतरी से बचाने में मदद करते हैं। बेंगलुरु में सबसे अधिक औसत डील साइज देखी गई, जिसमें कॉरपोरेट्स ने प्रति डील लगभग 0.5 मिलियन वर्ग फीट की प्रतिबद्धता जताई। मुंबई में औसत आकार 0.4 मिलियन वर्ग फीट था और एनसीआर में यह लगभग 0.1 मिलियन वर्ग फीट था। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल सौदों में से 42 प्रतिशत 0.3 मिलियन वर्ग फीट से बड़े स्थानों के लिए थे। बेंगलुरु में ऐसे सबसे बड़े सौदों की संख्या नौ थी, उसके बाद मुंबई में चार और एनसीआर में तीन सौदे हुए। इनमें से अधिकांश सौदे आईटी/आईटीईएस और बीएफएसआई क्षेत्रों की वैश्विक फर्मों ने किए, जो भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार करना चाहते हैं।

# OPPOA5 प्रो 5G: शानदार परफॉरमेंस और मज़बूत डिजाइन के साथ हुआ लॉन्च

**नईदिल्ली।** OPPO India ने मजबूती के वादे को निभाते हुए OPPO A5 Pro 5G के साथ स्मार्टफोन की दूरेबिलिटी में एक नई मिसाल कायम की है। यह फोन OPPO की दूरेबिलिटी वाली पहचान को स्न सीरीज़ से, सीरीज़ तक आगे बढ़ाया है और स्मार्टफोन की ताकत को नए स्तर पर ले गया है। अब OPPO के सभी फ्लैगशिप, मिड-रेंज और A5 Pro डिवाइसेज़ में IP69 जैसी बेहतरीन रेटिंग मिलती है, जो की ये दर्शाता है की ब्रांड कैसे एक दूरेबल चैंपियन फॅमिली का पोर्टफोलियो अपने कंस्यूमर्स को प्रोवाइड कर रहे है । इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए, OPPO अब A5 Pro 5G के ज़रिए मजबूती को आम लोगों तक पहुंचा रहा है—ताकि ज़्यादा से ज़्यादा लोग एक दमदार स्मार्टफोन का अनुभव कर सकें। OPPO A5 प्रो 5त्त के 8GB+128GB वैरिएंट का मूल्य 17,999 रुपये और 8GB+256GB वैरिएंट का मूल्य 19,999 रुपये है। यह Amazon, Flipkart, OPPO स्टोर और मेनलाइन रिटेल आउटलेट्स पर दो रंगों - मोचा ब्राउन और फेदर ब्लू में उपलब्ध है। इसकी ख़रीद पर SBI, IDFC फर्स्ट बैंक, BOB फाइनेंशियल, फ़ेडरल बैंक और DBS के क्रेडिट कार्ड्स पर ग्राहकों को 1500 रुपये तक का कैशबैक* और 6 महीने तक की नो-कॉस्ट EMI* दी जा रही है। साथ ही, इस बेहतरीन परफॉरमेंस वाले ड्यूरेबल पावरहाउस को खरीदना आसान बनाने के लिए ज़ीरो डाउन पेमेंट स्कीम* भी उपलब्ध है। यह स्मार्टफोन पानी, धूल और हाई-प्रेशर जेट से पूरी सुरक्षा के लिए IP69, IP68 और IP66 सर्टिफिकेशन के साथ आता है। 18 मल्टी-लिक्विड रेजिस्टेंस प्रोटेक्शन के कारण यह खारे पानी, पसीने, कॉफी जैसे अनेक लिक्विड्स से भी सुरक्षित है। इसलिए यह रोजमर्रा की परिस्थितियों के लिए उत्तम है। चाहे बारिश हो या धूल, या फिर अचानक यह स्मार्टफोन आपके हाथों से गिर जाए, पर इसकी मजबूती कम नहीं होती है। A5 प्रो 5G वॉटर और डस्ट रेजिस्टेंस के अलावा यह मिलिट्री-ग्रेड शॉक- रेजिस्टेंस के साथ आता है, इसलिए यह सबसे कठिन परिस्थितियों को भी सहन कर सकता है।

# सोनाक्षी सिन्हा ने 'मेरी भव्या लाइफ' को अपनी आवाज़ दी: अपने हक की ज़मीन हासिल करनी है

जहां अनगिनत महिलाओं की कद्र आज भी उनकी काबिलियत से ज़्यादा उनके आकार के अनुसार की जाती है, वहीं सोनाक्षी सिन्हा सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सुर्खियों में आई हैं। कलर्स की आगामी पेशकश 'मेरी भव्या लाइफ' के साथ जुड़कर, जिसमें नवोदित प्रिशा धतवालिया मुख्य भूमिका में हैं, सोनाक्षी शारीरिक आकार के प्रति समाज के जुनून और इससे जुड़े सुंदरता के विषाक्त मानदंडों की नई कहानी लिख रही हैं। प्रिशा अभिनीत भव्या के साथ साइज़िज़्म और बॉडी पॉज़िटिविटी के बारे में एक स्पष्ट बातचीत करते हुए, सोनाक्षी ने उस पाखंड को उजागर किया जो महिलाओं से बड़े सपने देखने के लिए कहता है, लेकिन केवल तभी जब उनके कपड़ों का साइज़ डबल एक्सएल न हों। सोनाक्षी और प्रिशा ने चुपचाप दिए जाने वाले उस आघात को उजागर किया जो बचपन में ही शुरू हो जाता है, जब रिश्तेदारों की अनचाही टिप्पणियां चिंता का रूप ले लेती हैं, जिससे गहरे भावनात्मक घाव पीछे छूट जाते हैं। दबंग अभिनेत्री ने उस दोहरे मापदंड की पूरी तरह से आलोचना की, जिसका सामना महिलाओं को हर दिन करना पड़ता है। बचपन के तानों के आघात से लेकर ऑनलाइन ट्रोल के सदमों तक, उन्होंने हर तरह के अपमान का सामना किया है। उन्होंने खुलासा किया कि वह भव्या के सफर को ऐसी महिला के रूप में जी चुकी हैं, जो किसी और के सांचे में फिट होने के लिए अपनी रोशनी को कम करने या अपनी सच्चाई को छोटा करने के तैयार नहीं है।

# वित्त वर्ष 2026 में भारत के यात्री वाहन की बिक्री नई ऊंचाई पर पहुंचने की उम्मीद



**नई दिल्ली।** भारत का यात्री वाहन (पीवी) उद्योग इस वित्त वर्ष में नई ऊंचाई पर पहुंचने के लिए तैयार है, जिसमें घरेलू और निर्यात की बिक्री कुल मिलाकर 5 मिलियन यूनिट को पार कर जाएगी। जबकि, वार्षिक वृद्धि दर धीमी होकर 2-4 प्रतिशत रह जाएगी। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह लगातार चौथा साल है, जब बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, हालांकि कोरोना महामारी के बाद वित्त वर्ष 2023 में 25 प्रतिशत की वृद्धि के बाद से बिक्री में काफी कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार, नए लॉन्च, ब्याज दरों में कमी, सीएनजी को अपनाने में वृद्धि और ग्रामीण इलाकों में अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए यूटिलिटी व्हीकल (यूवी) इस वित्त वर्ष में बिक्री में वृद्धि को बढ़ावा देंगे। क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा, इस वित्त वर्ष में पीवी की वृद्धि दर 2-4 प्रतिशत तक रहेगी, लेकिन यूवी की वृद्धि दर 10 प्रतिशत रहेगी, जिसे नए लॉन्च का सपोर्ट प्राप्त है। यूवी वॉल्यूम का 68-70 प्रतिशत योगदान देगा। उन्होंने कहा कि सामान्य से बेहतर मानसून और ब्याज दरों में कमी से ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार की उम्मीद है, जिससे एंट्री लेवल कारों की मांग में सुधार होगा। बेहतर नकदी प्रवाह और मजबूत नकदी अधिशेष मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) को अपने उच्च पूंजीगत व्यय को फंडिंग की अच्छी स्थिति में रखेगा और उनकी बैलेंस शीट मजबूत और क्रेडिट प्रोफाइल स्थिर रहेगी। पिछले वित्त वर्ष में कुल वॉल्यूम में घरेलू बाजार का योगदान 85 प्रतिशत था, जबकि निर्यात का योगदान बाकी था। फ्यूल मिक्स भी तेजी से विकसित हो रहा है। सीएनजी से चलने वाले पीवी की मांग बढ़ रही है। कम परिचालन लागत और 7,000 से अधिक रिफ्यूलिंग स्टेशनों के तेजी से बढ़ते नेटवर्क के कारण इस वित्त वर्ष में उनकी हिस्सेदारी 15 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है, मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव निर्यात की गति को प्रभावित कर सकते हैं, लेकिन ओईएम मैक्सिको, खाड़ी देशों, दक्षिण अफ्रीका और पूर्वी एशिया जैसे वैकल्पिक बाजारों की ओर रुख कर सकते हैं। क्रिसिल रेटिंग्स की निदेशक पूनम उपाध्याय ने कहा, इस वित्त वर्ष में पीवी कैपेक्स 30,000 करोड़ रुपए पर रहने की उम्मीद है, क्योंकि ओईएम क्षमता बढ़ा रहे हैं, ईवी निवेश में तेजी ला रहे हैं और स्थानीयकरण और डिजिटल अपग्रेड्स को बढ़ावा दे रहे हैं।

# मस्क की स्पेसएक्स ने अमेरिकी लेबर एजेंसी के खिलाफ किया मुकदमा




**सैन फ्रांसिस्को।** एलन मस्क द्वारा संचालित स्पेसएक्स ने यूएस नेशनल लेबर रिलेशंस बोर्ड (एनएलआरबी) पर मुकदमा दायर किया है। एजेंसी ने स्पेसएक्स के खिलाफ सीईओ की आलोचना करने के चलते आठ कर्मचारियों को अवैध रूप से निकालने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज की थी। गुरुवार को संघीय अदालत में दायर मुकदमे में स्पेसएक्स ने दावा किया कि एनएलआरबी की कार्रवाई असंवैधानिक है। अमेरिकी राज्य टेक्सस में दायर मुकदमे में कहा गया है, यह कार्रवाई एनएलआरबी द्वारा स्पेसएक्स को एक प्रशासनिक कार्यवाही के अधीन करने का गैरकानूनी प्रयास है, जो अमेरिकी संविधान के अनुच्छेद 2, पांचवें संशोधन और सातवें संशोधन का उल्लंघन है। इसमें दावा किया गया कि एनएलआरबी की कार्यवाही स्पेसएक्स के जूरी द्वारा परीक्षण के संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन करती है। अमेरिकी लेबर एजेंसी ने अभी तक मुकदमे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। लेबर एजेंसी ने आरोप लगाया था कि स्पेसएक्स ने अपने कर्मचारियों की निगरानी की और धमकी दी। लेबर एजेंसी ने दावा किया कि स्पेसएक्स ने कर्मचारियों के बीच मैसेज के स्क्रीनशॉट को पढ़कर और दिखाकर निगरानी की धारणा बनाई। पिछले साल, स्पेसएक्स कर्मचारियों के एक ग्रुप ने ओपन लेटर लिखा था कि कैसे मस्क का व्यवहार उनके लिए शर्मिंदगी का कारण बनता है।

# बारिश के चलते रद्द हुआ कोलकाता और पंजाब का मैच, दोनों टीमों को मिला 1-1 प्वाइंट



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया आईपीएल 2025 का 44वां मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया. इस मैच में दूसरी पारी के दौरान बारिश ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में दस्तक दे दी जिसके बाद मैच दोबारा शुरू नहीं हो पाया और बेनतीजा रहा. इसके बाद कोलकाता और पंजाब की टीमों को 1-1 अंक से संतोष करना पड़ गया. पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और इसके साथ ही कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे को पहले फील्डिंग करने का न्योता दिया. पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 201 रन बनाए. कोलकाता की टीम जीत के लिए मिले 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 6 बॉल में 7 रन ही बना पाई की बारिश ने मैच को रोक दिया. इसके बाद मैच दोबारा शुरू नहीं हुआ और उसे रद्द कर दिया गया. पंजाब किंग्स के लिए प्रभसिमरन सिंह ने प्रियांश आर्य के साथ पारी की शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 120 रनों की साझेदारी की. प्रभसिमरन ने 49 बॉल में 6 चौके और 6 छक्कों के साथ 83 रनों की तूफानी पारी खेली. तो वहीं प्रियांश आर्य ने 35 बॉल में 8 चौके और 4 छक्कों की सहायता से 63 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली.

# मारुति सुजुकी इंडिया का चौथी तिमाही का मुनाफा 4 प्रतिशत गिरा, कंपनी ने की 135 रुपए लाभांश की घोषणा




**मुंबई ।** मारुति सुजुकी इंडिया ने बताया कि वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 4.29 प्रतिशत घटकर 3,711.1 करोड़ रुपए रह गया। जबकि, पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 3,877.8 करोड़ रुपए था। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, मार्च 2025 की तिमाही में कंपनी का कुल खर्च सालाना आधार पर 8.55 प्रतिशत बढ़कर 37,585.5 करोड़ रुपए हो गया। हालांकि, कंपनी का परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 5.86 प्रतिशत बढ़कर 38,848.8 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले 36,697.5 करोड़ रुपए था। ऑटोमेकर ने कुल आय में भी मामूली वृद्धि दर्ज की, जो तिमाही के दौरान 40,674 करोड़ रुपए रही, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 38,235 करोड़ रुपए थी। कंपनी की ईबीआईटीडीए से पहले की कमाई 4,264.5 करोड़ रुपए रही। कंपनी ने अपनी फाइलिंग में कहा कि ईबीआईटीडीए मार्जिन 10.5 प्रतिशत रहा। मुनाफे में गिरावट के बावजूद, कंपनी के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025 के लिए 135 रुपए प्रति शेयर के रिकॉर्ड अंतिम लाभांश की सिफारिश की है, जो कंपनी से घोषित अब तक का सबसे अधिक लाभांश है। यह आगामी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों के अप्रूवल के अधीन है। लाभांश के लिए रिकॉर्ड तिथि 1 अगस्त है और भुगतान 3 सितंबर को किया जाएगा। कंपनी ने अपनी फाइलिंग में कहा, 31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी शेयरों पर लाभांश, अगर आगामी वार्षिक आम बैठक में घोषित किया जाता है तो सदस्यों को शुक्रवार, 1 अगस्त (रिकॉर्ड तिथि) को कारोबारी घंटों के अंत में भुगतान किया जाएगा। लाभांश के भुगतान की तिथि 3 सितंबर है। यह 19वीं बार है, जब मारुति सुजुकी इंडिया ने लाभांश घोषित किया है। पिछले वर्षों में, कंपनी ने अगस्त 2024 में 125 रुपए प्रति शेयर, अगस्त 2023 में 90 रुपए प्रति शेयर और अगस्त 2022 में 60 रुपए प्रति शेयर के लाभांश की घोषणा की थी। शुक्रवार के कारोबारी दिन कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 244 रुपए या 2.05 प्रतिशत की गिरावट के बाद 11,650 रुपए प्रति शेयर पर बंद हुए।

# प्रभसिमरन सिंह ने तूफानी पारी खेल रचा इतिहास



**कोलकाता।** प्रभसिमरन सिंह ने कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच खेले जा रहे मैच में एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है. वो पंजाब किंग्स के लिए इस उपलब्धि को हासिल करने वाले भारत के छठे और ओवरऑल 11वें बल्लेबाज बन गए हैं. इस मैच में पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीता और कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे को पहले फील्डिंग करने के लिए कहा. इसके बाद प्रभसिमरन सिंह का तूफान मैदान पर देखने के लिए मिला. प्रभसिमरन सिंह ने प्रियांश आर्य के साथ पारी की शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 120 रनों की साझेदारी की. प्रभसिमरन ने 49 बॉल में 6 चौके और 6 छक्कों के साथ 83 रनों की तूफानी पारी खेली. इस पारी के साथ ही उन्होंने आईपीएल में अपने 1000 रन पूरे कर लिए हैं. इसके साथ ही वो पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल में 1000 रन बनाने वाले छठे भारतीय बल्लेबाज बने गए हैं जबकि ओवरऑल वो पंजाब के लिए 1000 रन बनाने वाले 11वें बल्लेबाज बन गए हैं. इस मैच में प्रियांश आर्य ने भी पंजाब किंग्स के लिए शानदार पारी खेली. उन्होंने 35 बॉल में 8 चौके और 4 छक्कों की सहायता से 63 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली. इन दोनों के अलावा श्रेयस अय्यर ने नाबाद 25 और जोश इंग्लिश ने नाबाद 11 रनों का योगदान दिया और टीम का स्कोर 20 ओवर में 4 विकेट पर 201 तक पहुंचाया. केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा ने 2 और वरुण चक्रवर्ती व आंद्रे रसेल ने 1-1 विकेट हासिल किया.

## शब्द सामर्थ्य - 031


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 030 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू- दोकू क्र.031

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.030 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025



## लेखा प्रशिक्षण हेतु लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित

**रायपुर (विसं)।** संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन के आगामी प्रशिक्षण सत्र माह जुलाई 2025 से अक्टूबर 2025 के लिये लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से लेखा प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए कर्मचारियों के 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरा होना जरूरी है। इस प्रशिक्षण हेतु कर्मचारी आगामी माह के 1 मई से 31 मई तक शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, नगर घड़ी चौक रायपुर को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस तिथि के पूर्व एवं पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नही किया जाएगा। विज्ञप्ति के साथ संलग्न (छायाप्रति स्वीकार्य) मानक आवेदन पत्र पर ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगें।

## संक्षिप्त समाचार

### बैंक ऑफ़ बड़ौदा के एमडी देबदत्त चांद छत्तीसगढ़ के प्रवास पर



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर।भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (MD & CEO) श्री देबदत्त चांददिनांक 29 अप्रैल को रायपुर अंचल के दौरे पर रहेंगे। अपने रायपुर प्रवास के दौरान श्री देबदत्त चांद, रायपुर अंचल के सभी क्षेत्रीय प्रमुखों,अंचल कार्यालय के स्टाफ सदस्यों, अंचल के प्रमुख ग्राहकों के साथ बैठक कर बैंक ऑफ़ बड़ौदा की ग्राहक सेवा और अंचल के कार्यनिष्पादन में उत्तरोत्तर वृद्धि हेतु चर्चा करेंगे। आप छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के विभिन्न उच्चाधिकारियों, पदाधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश के विकास में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के योगदान को बढ़ाने हेतु संभावनाओं की तलाश करेंगे। अकूत खनिज सम्पदा, समृद्ध संस्कृति और विकास की अपार संभावनाओं से सुसज्जित प्रदेश छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बैंक ऑफ़ बड़ौदा का अंचल कार्यालय है। इसके साथ ही प्रदेश में इनके 04 क्षेत्रीय कार्यालय यथा- रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और धमतरी सहित 212शाखाएँ/ कार्यालय संचालित हैं,जो वित्तीय समावेशन, डिजिटल नवाचार, उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के माध्यम से जनता को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ- साथ प्रदेश के आर्थिक विकास में सहयोग करने हेतु पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत हैं।

### प्रजापति समाज ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को दी श्रद्धांजलि




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की हत्या की गई समाज की बहनों ने उन दोषियों को बड़ी से कड़ी सजा मिले सरकार से अपील की दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी जिसमें शीला प्रजापति, कंचन प्रजापति, मुन्नी देवी मंजू जी व प्रदेश अध्यक्ष लीला प्रजापति उपस्थित रहीं।

## विधायक राजेश मूणत ने मनाया जन्मदिवस, प्रदेशभर से मिली शुभकामनाएं





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं रायपुर पश्चिम विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक श्री राजेश मूणत ने आज 28 अप्रैल को अपना जन्मदिन सादगीपूर्ण ढंग से मनाया। इस अवसर पर उन्होंने प्रात: अग्रसेन चौक स्थित प्रसिद्ध गणेश मंदिर में विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की जनता की सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक राजेश मूणत ने सभी शुभचिंतकों और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, आप सभी के स्नेह, विश्वास और शुभकामनाओं के लिए हृदय से आभारी हूं। मेरा सदैव प्रयास रहेगा कि जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास हेतु निरंतर कार्य करता रहूं।

दिनभर उनके निवास पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। आम नागरिकों से लेकर भाजपा कार्यकर्ता, नेता, और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचे।

**प्रमुख नेताओं की शुभकामनाएं :** राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने एक्स पर लिखा- रायपुर पश्चिम के जनप्रिय विधायक श्री राजेश मूणत जी, आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रभु श्री राम से आपके उत्तम स्वास्थ, दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना करता हूं।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने एक्स पर लिखा- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, रायपुर पश्चिम के लोकप्रिय विधायक श्री राजेश मूणत जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपके नेतृत्व में रायपुर पश्चिम विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहे। रायपुर पश्चिम और भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ आपके मार्गदर्शन में निरंतर आगे बढ़े, यही कामना है।

उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने लिखा- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रायपुर पश्चिम के लोकप्रिय विधायक मा. श्री राजेश मूणत जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रभु श्रीराम जी से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना करता हूं।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने लिखा- रायपुर पश्चिम के जनप्रिय विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजेश मूणत जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ, दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना करता हूं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव ने लिखा- भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक श्री राजेश मूणत जी, आपको जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रभु श्री राम से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुयशपूर्ण जीवन की कामना करता हूं। रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने भी विधायक श्री राजेश मूणत को उनके निवास पर पहुंचकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर उन्होंने मूणत को स्वस्थ जीवन और जनसेवा के कार्यों में निरंतर मार्गदर्शन की कामना की। उन्होंने सोशल मीडिया पर मंच फेसबुक पर लिखा कि वरिष्ठ नेता, हम सभी के मार्गदर्शक, रायपुर पश्चिम के लोकप्रिय विधायक श्री राजेश मूणत जी के जन्मदिन पर उनके निवास पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वे सदैव स्वस्थ रहें एवं जनसेवा व विकास के कार्यों में निरंतर हमारा मार्गदर्शन करते रहें, प्रभु श्रीराम से यही कामना है। राजेश मूणत को राज्य के विधायकों, सांसदों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### राज्य के विकास में राजेश मूणत का योगदान

राजेश मूणत को छत्तीसगढ़ में विकास पुरुष के रूप में जाना जाता है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में उन्होंने 15 वर्षों तक लोक निर्माण, नगरीय प्रशासन, परिवहन जैसे अहम विभागों के मंत्री के रूप में प्रदेश के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया। लोक निर्माण मंत्री रहते हुए उन्होंने प्रदेशभर में सड़कों का जाल बिछाया, ओवर ब्रिज, फ्लाईओवर और कई महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण कराया। परिवहन मंत्री के तौर पर भ्रष्टाचार रोकने हेतु कई सख्त निर्णय लिए। नगरीय प्रशासन मंत्री रहते हुए उन्होंने शहरी इलाकों को सुविधायुक्त बनाने के लिए सतत प्रयास किए। अपने विधानसभा क्षेत्र रायपुर पश्चिम के प्रति सदैव समर्पित रहने वाले श्री मूणत ने इस क्षेत्र को छत्तीसगढ़ की सर्वाधिक विकसित विधानसभा में बदल दिया। विपक्ष में रहते हुए भी उन्होंने जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया, चाहे वह महंगी बिजली हो, अवैध निर्माण, या प्रशासनिक भ्रष्टाचार-उन्होंने सड़क से सदन और अदालत तक लड़ाई लड़ी।

## विधायक राजेश मूणत के 62वे जन्म दिवस पर जवाहर नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने श्रीफल भेंटकर दी शुभकामनाएं



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत को उनकी 62 वे जन्म दिवस के अवसर पर जवाहर नगर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रीफल, पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दी। विधायक श्री राजेश मूणत जी ने जवाहर नगर मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर जन्मदिन की बधाई देने पर आभार व्यक्त किया।

जवाहर नगर मंडल के अध्यक्ष श्री संदीप जघेल ने श्री राजेश मूणत जी को भविष्य में राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक और पारिवारिक क्षेत्र में और भी बड़ी सफलता हासिल करने की शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष संदीप जघेल के साथ तात्यापारा वार्ड की पार्षद एवं जोन 7 को अध्यक्ष श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा,संतोष विश्वकर्मा, सूरज साहू, साजन ठाकुर, राहुल शर्मा, विजय गुप्ता, प्रणीत जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़/रायपुर दिगम्बर जैन समाज हुआ गौरवान्वित




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बड़े ही गर्व व खुशी की बात है कि 27 अप्रैल 2025 को आदरणीय स्व. श्री निर्मल कुमार जी सेठी की चतुर्थ पुण्यतिथि जैन धरोहर दिवस के रूप में पूरे देश मे मनाई गयी, जिसके अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुए, उसमें हमारे रायपुर को सर्वश्रेष्ठ शहर का सम्मान मिला, जो हमारे लिए गर्व एवं खुशी का विषय है, इसमें कार्यक्रम के संपादन मे स्थानीय एवं प्रांतीय समाज के प्रमुख लोगों के साथ श्री कैलाश जी रारा की भूमिका प्रमुख रही, उन्हें साधुवाद। आप सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं।

## एनजीओ बेटर भारत एवं माँ के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज रायपुर के प्रतिष्ठित सौ. कुसुम ताई दाबके विधि महाविद्यालय में एनजीओ बेटर भारत और माँ के संयुक्त प्रयास से एक भव्य रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त संग्रह करना था।

शिविर में कुल 42 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो कई जिंदगियों को बचाने में मदद करेगा। साथ ही, 103 प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य जांच शिविर में भाग लेकर अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रीति सतपथी का विशेष सहयोग रहा, जिनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संभव हो सका। एनजीओ बेटर भारत एक भरोसेमंद राष्ट्रीय स्तर की संस्था है, जो स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत है। बेटर भारत का उद्देश्य हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। एनजीओ माँ बेसहारा और घायल सड़क पशुओं के संरक्षण और कल्याण हेतु कार्यरत एक समर्पित संस्था है। इसके साथ ही, माँ संस्था पालतू जानवरों के निधन पर उनके पूरे विधि-विधान और सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की सुविधा भी प्रदान करती है। बेटर भारत एवं माँ परिवार इस सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय प्रशासन, सभी रक्तदाताओं, स्वास्थ्य जांच प्रतिभागियों और विशेष रूप से डॉ. प्रीति सतपथी का हृदय से आभार व्यक्त करता है। भविष्य में भी इसी प्रकार के और कार्यक्रमों के माध्यम से समाज सेवा के कार्य किए जाते रहेंगे।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीरगांव छाया पार्षद रंजय सिंह के गृह प्रवेश में पहुंच कर दी शुभकामनाएं



**बीरगांव ( विश्व परिवार )।** बीरगांव के भाजपा छाया पार्षद एवं भोजपुरी समाज के सम्मानित सदस्य रंजय सिंह के गृह प्रवेश समारोह में भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने उपस्थित होकर उन्हें शुभकामनाएँ दी इस अवसर पर अखिल भारतीय भोजपुरी समाज बिरगांव के सक्रिय सदस्य रंजय सिंह को भोजपुरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मुक्तिनाथ पांडे सहित समाज के सभी सदस्यों एवं बीरगांव मंडल सहित अन्य लोगों नेभी बधाइयां दीं।

## सम्बलपुर रेलवे स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग का कार्य किया जाएगा, फलस्वरूप कुछ गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत सम्बलपुर स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग सरला जंक्शन, सम्बलपुर, सम्बलपुर सिटी के स्थान पर यह गाड़ी सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी होकर चलाई जाएगी (संबलपुर और संबलपुर शहर के बीच की दूरी लगभग 6 किलोमीटर है। इसी प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली संबंधित कुछ गाड़ियों को भी परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। जिसकी जानकारी इस प्रकार है-

**परिवर्तित मार्ग सरला जंक्शन, सम्बलपुर, सम्बलपुर सिटी के स्थान पर यह गाड़ी सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी होकर चलाई जाएगी**

परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियाँ- दिनांक- 03, 07, 10, 14, 17, 21, 24, 28 और 31 मई एवं 04, 07, 11, 14, 18, 21, 25 और 28 जून, 2025 को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलने वाली गाड़ी संख्या 12879 लोकमान्य तिलक टर्मिनल -भुवनेश्वर एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी होते हुए चलेगी। दिनांक- 01, 05, 08, 12, 15, 19 22, 26 एवं 29 मई, 02, 05, 09, 12, 16, 19, 23, 26 एवं 30 जून, 2025 को भुवनेश्वर से चलने वाली 12880 भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन होते हुए चलेगी। दिनांक- 01, 08, 15, 22 एवं 29 मई, 05, 12, 19 एवं 26 जून, 2025 को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलने वाली 22865 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी होते हुए चलेगी। दिनांक- 06, 13, 20 एवं 29 मई, 03, 10, 17 एवं 24 जून, 2025 को पुरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 22866 पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन हुए चलेगी। दिनांक- 04, 11, 18 एवं 25 मई, 01, 08, 15, 22 एवं 29 जून, 2025 को लालगढ़ से चलने वाली 20471 लालगढ़-पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी हुए चलेगी। दिनांक- 07, 14, 21 एवं 28 मई, 04, 11, 18 एवं 25 जून, 2025 को पुरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 20472 पुरी- लालगढ़ एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन हुए चलेगी। दिनांक- 07, 14, 21 एवं 28 मई, 04, 11, 18 और 25 जून, 2025 को पुरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 20813 पुरी- जोधपुर एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन हुए चलेगी। दिनांक- 03, 10, 17, 24 एवं 31 मई, 07, 14, 21 एवं 28 जून, 2025 को जोधपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20814 जोधपुर- पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी हुए चलेगी। दिनांक- 02, 03, 06, 09, 10, 13, 16, 17, 20, 23, 24, 27, 30 एवं 31 मई, 03, 06, 07, 10, 13, 14, 17, 20, 21, 24, 27 एवं 28 जून, 2025 को विशाखापट्टनम से चलने वाली गाड़ी संख्या 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन हुए चलेगी। दिनांक- 03, 04, 07, 10, 11, 14, 17, 18, 21, 24, 25, 28 एवं 31 मई, 01, 04, 07, 08, 11, 14, 15, 18, 21, 22, 25, 28 एवं 29 जून, 2025 को अमृतसर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20808 अमृतसर- विशाखापट्टनम हीराकुंड एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी हुए चलेगी।

रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है तथा सहयोग की आशा करता है। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## मौसम का बदला मिजाज, बर्फीली चादर से ढंका पेंड्रा



**पेंड्रा ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सीमा से लगे गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में आज मौसम अचानक बिगड़ गया है। तेज गर्मी के बीच जिले में आंधी चली, बारिश और जगह-जगह ओलावृष्टि भी हुई।

बारिश और ओलावृष्टि से लोगों को गर्मी से तो राहत मिली पर किसानों की चिंता बढ़ गई। किसानों की सब्जी और फसलों को ओलावृष्टि से भारी नुकसान पहुंचा है।

बता दें कि, पिछले एक घंटे की बारिश में ही पेंड्रा का ग्रामीण क्षेत्र शिमला बन गया। चारों तरफ बर्फ की चादर फैल गई। इस दौरान कई जगहों पर वज्रपात भी हुआ हालांकि इससे कोई जनहानि नहीं हुई।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 दिनों तक मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही बना रहेगा। राहगीरों ने पेंड्रा-बिलासपुर मुख्यमार्ग पर वीडियो भी बनाया है, जो वायरल हो रहा है।

## एम्स रायपुर की डॉ. राइमा मरियम जॉन ने नीट सुपर स्पेशियलिटी प्रवेश परीक्षा 2025 (ईएनटी) में प्रथम स्थान प्राप्त किया




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एम्स रायपुर ने डॉ. राइमा मरियम जॉन को नीट सुपर स्पेशियलिटी प्रवेश परीक्षा 2025 (ईएनटी ग्रुप) में ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त करने की असाधारण उपलब्धि के लिए सम्मानित किया।

डॉ. राइमा मरियम जॉन, जिन्होंने जनवरी 2025 में एम्स रायपुर से ईएनटी में एमएस पूरा किया, ने अपनी पहली ही प्रयास में यह प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत किया। देशभर के उम्मीदवारों को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने यह उपलब्धि अर्जित की। सिर और गर्दन कैंसर सर्जरी में गहरी रुचि रखने वाली डॉ. राइमा की यह सफलता उनके निरंतर समर्पण, कठिन परिश्रम और शैक्षणिक उत्कृष्टता की मिसाल है।

लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की अकादमिक उत्कृष्टता, संकाय सदस्यों द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण तथा छात्रों के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी उपलब्धियां देशभर के भावी चिकित्सा पेशेवरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगी।

डॉ. राइमा की इस सफलता ने पूरे एम्स रायपुर परिवार, विशेष रूप से ईएनटी एवं हेड एंड नेक सर्जरी विभाग, जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर डॉ. रेनू राजगुरु कर रही हैं, में गर्व और प्रसन्नता की लहर दौड़ा दी है। यह उपलब्धि एम्स रायपुर की बढ़ती प्रतिष्ठा को एक प्रमुख शिक्षण, अनुसंधान एवं नैदानिक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में और मजबूत करती है।

संस्थान के सभी संकाय सदस्यों ने डॉ. राइमा को उनके उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। उनका यह सफर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। डॉ. राइमा अब प्रतिष्ठित टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल, मुंबई में हेड एंड नेक सर्जरी में MCh करने की योजना बना रही हैं।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354